# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार 9 सितंबर 2024


**उत्तरप्रदेश और बिहार भी जा रहा है प्रदेश का सीमेंट, प्रदेश में डिमांड नहीं के बराबर**

# बंगाल ने बिगाड़ा सीमेंट का रेट, अब सियासी उबाल, कांग्रेस करेगी आंदोलन, सीएम बोले- विपक्ष का काम ही प्रदर्शन करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

पश्चिम बंगाल का अब अपने राज्य छत्तीसगढ़ से सीमेंट का कनेक्शन सामने आया है। इसके पहले आलू और प्याज के कनेक्शन के कारण इनकी कीमत में इजाफा हुआ था। अब सीमेंट की कीमत में इजाफा हो गया है।


इस समय प्रदेश में तो सीमेंट की डिमांड नहीं के बराबर है, लेकिन सबसे ज्यादा डिमांड बंगाल से आने के कारण यहां पर सीमेंट कंपनियों ने सीमेंट के दाम 50 रुपए प्रति बोरी पर बढ़ा दिए हैं। बंगाल के साथ ही उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, ओडिशा भी भारी मात्रा में सीमेंट जा रहा है। अपने राज्य में हर माह 30 लाख टन सीमेंट का उत्पादन होता है, इसमें से मुश्किल से राज्य में 8 लाख टन की खपत होती है, बाकी दूसरे राज्यों में जाता है। सीमेंट की कीमत बढ़ने के बाद जहां रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सीमेंट कंपनियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और कीमत कम करने को लेकर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है, वहीं अब कांग्रेस ने भी इसको लेकर आंदोलन करने का फैसला किया है। श्री साय ने कांग्रेस के आंदोलन पर कहा कि विपक्ष का काम प्रदर्शन करना है,वो अपना धर्म निभाएंगे।

प्रदेश की सीमेंट कंपनियां काफी समय से सीमेंट की कीमत बढ़ाने के प्रयास में थीं। प्रदेश के डीलरों के पास लगातार मैसेज किया जा रहा था कि कीमत बढ़ाने वाले हैं, लेकिन प्रदेश के साथ देशभर के राज्यों में लगातार बारिश के कारण में डिमांड न होने से कीमत ▶▶|शेष पेज 4 पर

## सीमेंट के दाम में 50 रुपए इजाफे के बाद सियासत शुरू हुई

### प्रदेश में डिमांड ही नहीं

इस समय प्रदेश में मानसून के कारण जहां सभी निजी काम बंद हैं, वहीं सरकारी काम भी नहीं के बराबर चल रहे हैं। ऐसे में कहीं कोई डिमांड नहीं है। बिल्डिंग मटेरियल से जुड़े व्यापारियों का कहना है कि जिन कारोबारियों के यहां रोज एक ट्रक से ज्यादा माल खप जाता था, उनके यहां दस बोरी सीमेंट भी नहीं बिक रहा है। यही वजह है कि प्रदेश के डीलर और छोटे कारोबारी माल ही नहीं ले रहे हैं। इसके बाद भी अब कीमत बढ़ा दी गई हैं तो कारोबारियों ने और ज्यादा हाथ खड़े कर दिए हैं।


सीमेंट की कीमत में 50 रुपए का इजाफा, 260 से सीधे 310

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरकारी योजनाओं पर भी पड़ेगा असर



### साय बोले- विपक्ष का धर्म

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस के आंदोलन पर कहा कि विपक्ष का काम प्रदर्शन करना है,वो अपना धर्म निभाएंगे।

फैक्ट फाइल

### दूसरे राज्यों में ज्यादा डिमांड

अपने प्रदेश की सीमेंट कंपनियों का सीमेंट ज्यादातर दूसरे राज्यों में ही जाता है। जानकारों के मुताबिक, प्रदेश में हर माह बनने वाले 30 लाख टन सीमेंट में से करीब 22 लाख टन सीमेंट दूसरे राज्यों में जाता है। जानकारों का यह भी कहना है कि बाहर के राज्यों में जाने वाले सीमेंट की कीमत भी अलग-अलग रहती है। मप्र में वहां की सीमेंट कंपनियों की कीमत कम होने के कारण यहां की कंपनियां वहां पर कम कीमत पर सीमेंट भेज रही हैं, जबकि बंगाल सहित दूसरे ऐसे राज्य, जहां पर सीमेंट का उत्पादन नहीं होता, वहां पर ज्यादा कीमत पर सीमेंट भेजा जा रहा है।

### बीते साल 370 रुपए गई थी कीमत

सीमेंट कंपनियां हर साल मानसून में रेट बढ़ाने का काम करती हैं। बीते साल तो कीमत 370 रुपए तक बढ़ा दी गई थी। तब डिमांड न होने के कारण कीमत को कम कर दिया गया था। कारोबारियों के मुताबिक सीमेंट कंपनियों को अपना हर माह का कोटा पूरा करना रहता है, ऐसे में हमेशा मानसून के समय में रेट बढ़ाने का हल्ला मचाकर अपना कोटा पूरा किया जाता है, क्योंकि इस समय डिमांड कम रहती है। रेट बढ़ाने की संभावना को देखते हुए कई डीलर माल का स्टॉक कर लेते हैं। कंपनियों का जब कोटा पूरा हो जाता है को कीमत को कम भी कर दिया जाता है।






# बलौदाबाजार और उपरवारा में गिरी बिजली, 9 की मौत

*मानसून ब्रेक हटने की शुरुआत के साथ ही राज्य में रविवार को बादल जमकर बरसे। इस बीच बड़ी आसमानी आफत टूटी। बलौदाबाजार में बिजली गिरने से सात लोगों की मौत हो गई। कई घायल भी बताए जा रहे हैं। इधर, नवा रायपुर के उपरवारा इलाके में भी आसमानी आफत टूटी जिसमें दो की जान चली गई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार/रायपुर

बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम की वजह से प्रदेश में मानसून फिर से सक्रिय हो गया है। रविवार को रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में बादलों की गर्जना के साथ जमकर बारिश हुई है। मौसम विभाग द्वारा अगले तीन दिनों के लिए अलर्ट भी जारी किया गया है।

इस बीच बलौदाबाजार में बड़ा हादसा हो गया। ग्राम मोहतरा लटुवा में रविवार शाम को बारिश होने के दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने से सात युवाओं की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, चार अन्य गंभीर रूप से झुलस गए हैं। जिन्हें जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती किया गया। घटना के बाद ग्राम मोहतरा में मातम पसरा हुआ है। तीजा एवं गणेश चतुर्थी के बाद रविवार होने के कारण छुट्टी मनाने मोहतरा के कुछ युवा गांव के नया तालाब की ओर ▶▶|शेष पेज 4 पर

## राज्य के बड़े हिस्से में आसमानी आफत





घायल
- विशंभर पिता थनवार, बिट्टु साहू, चेतन साहू सभी निवासी ग्राम मोहतरा



### सीएम साय ने गहरा दुःख प्रकट किया

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार की घटना पर गहरा दुःख प्रकट किया है। श्री साय ने कहा है कि बलौदाबाजार जिले के मोहतरा गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 7 ग्रामीणों की मृत्यु और कई लोगों के घायल होने की दुःखद सूचना प्राप्त हुई है। जिला प्रशासन द्वारा घायलों को त्वरित इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### उपरवारा में बिजली गिरने से दो की मौत

*अभनपुर थाना क्षेत्र के उपरवारा में बिजली गिरने से युवक और युवती की जान चली गई। पुलिस के मुताबिक उ वंशी साहू तथा छोटू उर्फ योगेश साहू पर आकाशीय आफत टूटी और दोनों की मौत हो गई। हादसा जंगल सफारी के करीब का बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार उ वंशी तथा छोटू की जानकारी उन्हें आंबेडकर अस्पताल की पुलिस चौकी के माध्यम से मिली है, अभी उनके संदर्भ में जानकारी हासिल की जा रही है।*

## बंगाल की खाड़ी में चक्रवात ओडिशा-छत्तीसगढ़ में अलर्ट

भुवनेश्वर। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को कहा कि बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दाब क्षेत्र अब अवदाब में बदल गया है। आईएमडी के बुलेटिन के अनुसार, अवदाब कलिंगपट्टनम (से लगभग 310 किलोमीटर पूर्व, गोपालपुर (ओडिशा) से 260 किमी पूर्व-दक्षिणपूर्व, पारादीप (ओडिशा) से 290 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व और दक्षिण दीघा से 410 किलोमीटर दूर स्थित है। बुलेटिन में कहा गया है कि अगले 24 घंटे के दौरान मौसमी प्रणाली के उत्तर ओडिशा और पश्चिम बंगाल तटों की ओर बढ़ने तथा गहन अवदाब में तब्दील होने का अनुमान है।

### छत्तीसगढ़ में भारी बारिश का अनुमान

मौसम विभाग के अनुसार गरियाबंद, बस्तर, कोंडागांव, सुकमा जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान है। इसके अलावा कोरबा, महासमुंद, धमतरी, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, कांकेर में गरज-चमक के साथ वज्रपात और मध्यम बारिश का अनुमान जताया गया है।

## खबर संक्षेप

### दीपिका-रणवीर के घर आई लक्ष्मी



नई दिल्ली। बॉलीवुड के मशहूर दंपति दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह रविवार को एक बेटी के माता-पिता बन गए। 'राम-लीला', 'बाजीराव मस्तानी' और '83' जैसी फिल्मों में एक साथ अभिनय कर चुके इस दंपति ने अपने पहले बच्चे के आगमन का समाचार अपने प्रशंसकों के साथ साझा किया।

### सड़क हादसे में बाल-बाल बचे आप विधायक



चंडीगढ़। पंजाब के जलालाबाद से आम आदमी पार्टी के विधायक गोल्डी कंबोज की गाड़ी बठिंडा में हादसे का शिकार हो गई है। एक इनोवा ने पीछे से उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। गनीमत रही कि इस हादसे में उन्हें किसी तरह की चोट नहीं आई और वह पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

### कंगना की 'इमरजेंसी' को तीन कट के साथ किया पास



नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी इमरजेंसी को लेकर काफी सुर्खियों में बनी हुई हैं। कंगना की इमरजेंसी को लेकर काफी विवाद भी देखने को मिल रहा है। जब से इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है, इसको लेकर काफी बवाल मचा हुआ है।

## देखते ही देखते दो हिस्सों में बंट गई ट्रेन....



- *नई दिल्ली से इस्लामपुर जा रही मगध एक्सप्रेस*
- *बिहार के बक्सर के पास ट्रेन की टूटी कपलिंग*

पटना। बिहार के बक्सर जिले में त्रिवेणीगंज और रघुनाथपुर रेलवे स्टेशनों के बीच रविवार सुबह नई दिल्ली से इस्लामपुर जा रही मगध एक्सप्रेस (20802) की 'कपलिंग' अचानक टूट गई, जिससे ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। ट्रेन के इंजन से 13वें नंबर के डिब्बा 'एस-7' और इंजन से 14वें नंबर के डिब्बा 'एस-6' के बीच का 'कपलिंग' अचानक टूट गया। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

**जमशेदपुर से देंगे सौगात**

## पीएम 15 को दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदे भारत को दिखाएंगे हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



दुर्ग से विशाखापट्टनम के लिए वंदे भारत का इंतजार खत्म हुआ। 15 सितंबर को झारखंड के जमशेदपुर से देश के अलग-अलग राज्यों के लिए 10 वंदे भारत ट्रेनों ▶▶|शेष पेज 4 पर

### एक दिन में वापसी संभव

दुर्ग से वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह छह बजे निकलेगी और दोपहर 2.30 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी। दोपहर 3.15 बजे विशाखापट्टनम से छूटेगी, साढ़े आठ घंटे में 565 ▶▶|शेष पेज 4 पर

**भारतीय टीम का ऐलान**

## ऋषभ की वापसी, पहला टेस्ट बांग्लादेश से 19 को

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत ने 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के शुरुआती मैच के लिए रविवार को अपनी 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें ऋषभ पंत ने लगभग 20 महीने ▶▶|शेष पेज 4 पर

### भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।






**स्थानीय युवा कर रहे साज-सज्जा एवं अन्य व्यवस्था**

**पुरातत्व विभाग नहीं दे रहा ध्यान शासन-प्रशासन भी उदासीन**

# 1600 साल पुराने बारसूर गणेश मंदिर की कमान युवाओं ने संभाली

आरती सिंह ▶▶| गीदम

गणेशोत्सव

गणेश चतुर्थी पर्व पर बारसूर में स्थित छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी ऐतिहासिक युगल गणेश प्रतिमा वाले संरक्षित मंदिर में 11 दिनों का जलसा शुरू हो चुका है। 1600 साल पुराने मंदिर और प्रतिमा संरक्षित है, लेकिन पुरात्व विभाग ने इसकी ▶▶|शेष पेज 4 पर



### ग्यारह दिनों तक होगी पूजा पाठ

गणेशोत्सव के अवसर पर पूरे ग्यारह दिनों तक विधि-विधान से गणेशजी की पूजा-अर्चना की जाएगी। युवा समिति के संरक्षक जगत पुजारी, रामलाल नेगी, भुवनेश्वर भारद्वाज, सुखराम नेगी एवं अन्य युवाओं ने बताया कि ▶▶|शेष पेज 4 पर

### दक्षिणमुखी युगल गणेश

छिन्दक नागवंशी राजाओं द्वारा धर्म और तालाबों की नगरी बारसूर में आज से लगभग 1600 वर्ष पूर्व इन युगल गणेश प्रस्तर प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा की गई थी। दक्षिण दिशा से ही विपदाएं आती हैं, ऐसी मान्यता को ध्यान में रखकर राजा ने विशाल दक्षिणमुखी युगल गणेश जी की स्थापना करवाई। बड़ी प्रतिमा लगभग आठ फुट ऊंची एवं चार फुट चौड़ी ▶▶|शेष पेज 4 पर

*उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पर एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और नवजात को अस्पताल से डिस्चार्ज कराने के लिए 2 साल के बेटे को बेच दिया।*

# 2 साल के बेटे को बेचकर दी अस्पताल की फीस, फिर महिला को किया डिस्चार्ज

## यूपी के कुशीनगर में हैरान कर देने वाली घटना

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

पिता के पास अस्पताल का बिल भरने का पैसा नहीं था और इसी वजह से उसने कुछ लोगों के कहने पर अपना बच्चा एक दंपति को दे दिया। हालांकि बच्चों को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया, जिसमें तीन महिलाएं शामिल हैं। जिले के एसपी ने एक पुलिसकर्मी को भी लाइन हाजिर किया था।

**अस्पताल ने 4 हजार रुपए मांगे थे**

*यह घटना शुक्रवार की है। पुलिस ने बताया कि कुशीनगर जिले के बरवा पट्टी निवासी हरीश पटेल अपनी पत्नी को प्रसव के लिए उसे निजी अस्पताल ले गया था। यहां पर उसकी पत्नी ने एक नवजात को जन्म दिया। इसके बाद अस्पताल ने 4 हजार रुपये मांगे। पैसा देने में असमर्थ पिता से अगल-बगल के लोगों ने एक बेटे को एक दंपति को गोद देने के लिए कहा। पीड़ित पिता इस पर तैयार हो गया और उसने 20 हजार के लिए अपने बच्चों को दंपति को दे दिया। इसके अलावा उसने फर्जी गोदनामे पर हस्ताक्षर भी कर दिए और बेटे को बेचने पर सहमति भी जता दी।*





### सिपाही हुआ लाइन हाजिर

*इलाके के सिपाही सूर्यभान पर रुपये लेने का आरोप लगा है। एसपी ने उसे लाइन हाजिर कर दिया है। उसकी जांच की जा रही है। पुलिस मामले में निजी और अवैध अस्पताल चलाने वाली तारा कुशवाहा, और अस्पताल में काम करने वाली सुंगाती देवी, दलाल अमावस यादव, बच्चे को खरीदने वाले भोला यादव और भोला यादव की पत्नी कलावती देवी को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि भोला यादव ने बच्चे के बदले 20 हजार रुपये दिए थे और उसकी पत्नी ने बच्चे को छुपा कर रखा था। जब पुलिस ने गोदनामे की जांच की तो यह फर्जी पाया गया। यह सादे कागज पर बना दस्तावेज था और केवल हरीश पटेल का ही बयान इस पर लिखा गया था। हरीश के अंगूठे का निशान भी लगाया गया था।*

## खबर संक्षेप

### बजरंग पूनिया को जान से मारने की धमकी, कांग्रेस छोड़ने को कहा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी में हाल ही में शामिल हुए ओलंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया को जान से मारने के धमकी मिली है। विदेशी नंबर से व्हाट्सएप पर धमकी दी गई है। बजरंग को धमकी में लिखा है कि बजरंग कांग्रेस छोड़ दो वरना तेरे और तेरे परिवार के लिए अच्छा नहीं होगा। ये हमारा आखिरी संदेश है।

### मस्क 2 साल में मंगल पर भेजेंगे स्टारशिप



**न्यूयार्क।** प्रसिद्ध बिजनेस मैन इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अगले 2 सालों के अंदर मंगल ग्रह पर दुनिया के सबसे ताकतवर स्टारशिप रॉकेट भेजने वाली है। इस फ्लाइट का मकसद मार्स पर स्टारशिप की लैंडिंग को टेस्ट करना है। इस यात्रा में कोई इंसान मौजूद नहीं होगा। मस्क ने रविवार को सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर यह जानकारी दी।

### ट्रांसपोर्ट नगर हादसा : अब तक 8 की मौत, 24 घायल

**लखनऊ।** यूपी के लखनऊ के ट्रांसपोर्टनगर में शनिवार शाम बारिश के दौरान शहीद पथ किनारे स्थित एक इमारत (हरमिलाप टावर) भरभराकर जमींदोज हो गया। हादसे में एक कारोबारी समेत आठ की मौत हो गई है। मलबे में दबे 20 से अधिक लोगों को निकालकर अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनका इलाज जारी है। मलबे में अभी कई और लोगों के दबे होने की आशंका है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, दमकल और पुलिस की टीमें राहत-बचाव कार्य में जुटी हैं।

## चुनावी अभियान का आगाज करते हुए रेसलर ने बृजभूषण पर किया पलटवार

# हमें जंतर-मंतर पर बीजेपी के लोगों ने बिठाया था : विनेश

एजेंसी ▶▶| जींद

कांग्रेस में शामिल होने के बाद हरियाणा की जुलाना सीट से टिकट हासिल करने वाली पहलवान विनेश फोगाट ने रविवार को अपने चुनावी अभियान का आगाज कर दिया। अपने ससुराल में फोगाट ने कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के आरोपों पर जमकर पलटवार किया। कांग्रेस के महिला पहलवानों को उकसा कर यौन शोषण के आरोप लगवाने और उनको धरने पर बिठाने के आरोपों पर विनेश ने बृजभूषण को जवाब दिया। विनेश ने कहा कि 'हमें जंतर-मंतर पर बीजेपी के लोगों ने बिठाया था। उन्होंने ही पहली बार जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए परमिशन ली थी। विनेश फोगाट ने कहा कि बृजभूषण सिंह कोई देश नहीं है। अब वो एग्जिस्ट नहीं करता है।' प्रचार के लिए जुलाना पहुंचने पर सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने विनेश फोगाट का स्वागत किया। इस मौके पर राठी समुदाय सहित सात खाप पंचायतें उनका स्वागत करने के लिए मौजूद रहीं।

**खास बातें**

- कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ने कांग्रेस पर साजिश रचने का लगाया है आरोप
- विनेश बोलीं- बृजभूषण सिंह कोई देश नहीं है, अब वो एग्जिस्ट नहीं करता है



### जालना सीट पर जेजेपी का कब्जा

हरियाणा के जाट बहुल बांगर इलाके में मौजूद जुलाना सीट पर लंबे समय से इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) और जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) जैसी पार्टियों का कब्जा रहा है। जो पिछले 15 सालों से इस सीट पर काबिज हैं। आईएनएलडी के परमिंदर सिंह ने 2009 और 2014 में यह सीट जीती थी। जबकि जेजेपी के अमरजीत ढांडा ने 2019 में यह सीट जीती थी।

### काफी कुछ लगा है दांव पर

कुश्ती जगत की स्टार और जाट प्रतिनिधि के तौर पर कांग्रेस में विनेश फोगाट के शामिल होने से जुलाना सीट पर काफी दांव लग गए हैं। विनेश के ससुर राजपाल राठी ने कहा कि छह गांवों- घरवाली, खेड़ा बख्ता, जमोला, करेला, जयजयवंती और घेरटी का प्रतिनिधित्व करने वाली चुगामा खाप और राठी समुदाय की खाप उनका स्वागत करने को तैयार है। पहलवान बजरंग पुनिया के साथ फोगट शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हुईं। कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी उम्मीदवारों की पहली सूची में उनका नाम शामिल किया गया।

### कांग्रेस ने साजिश कर फंसाया : बृजभूषण



रेसलर विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के हाल में कांग्रेस में शामिल होने के बाद पूर्व सांसद और पूर्व डब्लूएफआई चीफ बृजभूषण शरण सिंह कांग्रेस पर आक्रामक हो गए हैं। बृजभूषण ने दावा किया है कि उन्हें कांग्रेस पार्टी ने एक साजिश के तहत फंसाया है। सिंह ने कहा है कि महाभारत के दौरान पांडवों ने द्रौपदी को दांव पर लगाया था और हार गए थे, देश ने आज तक पांडवों को इसके लिए माफ नहीं किया है। उसी तरह, हुड्डा परिवार ने हमारी बहन-बेटियों की इज्जत दांव पर लगाकर जो जुआ खेला है, उसके लिए उन्हें माफ नहीं किया जाएगा। हुड्डा फैमिली और कांग्रेस हमेशा ही इस साजिश के गुनाहगार रहेंगे।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा की बृजभूषण को सलाह- न करें मीडिया से बात

हरियाणा में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। ऐसे में हर पार्टी ने कमर कसनी शुरू कर दी है। हाल ही में विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया ने कांग्रेस का दामन थामा, जिसके बाद से डब्लूएफआई के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह के कई बयान सामने आ चुके हैं। लेकिन आज उन्हें बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा की ओर से फोन कर मीडिया से बात न करने की सलाह दे दी गई है। उन्हें कहा गया है कि इससे हरियाणा का चुनाव प्रभावित हो सकता है।

## हरियाणा में कांग्रेस की दूसरी लिस्ट जारी, 9 उम्मीदवारों का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें कांग्रेस ने 9 उम्मीदवारों का ऐलान किया है। जारी लिस्ट के अनुसार गुरुग्राम से मोहित ग्रोवर को टिकट दिया है। वहीं, थानेसर से अशोक अरोड़ा को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। गन्नौर से कुलदीप शर्मा और बादशाहपुर से वर्धन यादव को चुनावी दंगल में उतारा है। बृजेंद्र सिंह का मुकाबला जेजेपी के दुष्यंत चौटाला से होगा, वहीं तोशाम में एक दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा, जहां पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल के पोते कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने अनिरुद्ध चौधरी को मैदान में उतारा है, जबकि उनकी चचेरी बहन श्रुति चौधरी बीजेपी की उम्मीदवार हैं। साथ ही मेहम से बलराम डंगी और नांगल चौधरी से मंजू चौधरी को पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है।



- विधानसभा चुनाव : 5 अक्टूबर को होना है के लिए मतदान

**पहली लिस्ट में थे 32 उम्मीदवार :** कांग्रेस पार्टी ने इससे पहले 32 उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी की थी। इसमें हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा को गरही सांपला-किलोई सीट से मैदान में उतारा गया है। विनेश फोगाट को जुलाना से टिकट दिया गया है। कुलदीप वत्स बादली से लड़ेंगे जबकि हरियाणा कांग्रेस प्रमुख उदय भान को होडल से मैदान में उतारा गया है। झज्जर से पार्टी ने गीता भुक्कल को मैदान में उतारा है जबकि इसराना से पार्टी ने बलबीर सिंह को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने सोनीपत से मौजूदा विधायक सुरेंद्र पंवार को फिर से टिकट दिया है। जुलाई में ईडी ने अवैध खनन मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंवार को गिरफ्ता किया था।

### 8 अक्टूबर को होगी मतगणना

बता दें कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव 5 अक्टूबर को होने हैं। मतों की गिनती 8 अक्टूबर को होगी। 31 अगस्त को चुनाव आयोग ने इस साल हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए मतदान की तारीख 1 अक्टूबर से बढ़ाकर 5 अक्टूबर कर दी। साथ ही जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभाओं के वोटों की गिनती 4 अक्टूबर से बढ़ाकर 8 अक्टूबर कर दी।

**ममता को पत्र लिखकर कहा- सरकार के खिलाफ ऐसा अविश्वास नहीं देखा**

## कोलकाता कांड पर नाराज टीएमसी सांसद ने राज्यसभा से दिया इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

बंगाल के कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में लेडी डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने रविवार को इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी को पत्र लिखकर कहा कि मैंने अपना पद छोड़ने का फैसला लिया है। सरकार ने ममता को लिखे पत्र में कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि आरजी कर अस्पताल में हुई दरिंदगी को लेकर वह तुरंत कोई सख्त कदम उठाएंगी।



वह पुरानी ममता बनर्जी की तरह इस पर एक्शन लेंगी। लेकिन उन्होंने तुरंत कोई ठोस कदम नहीं उठाया। कदम उठाया भी तो बहुत देर हो चुकी थी। उन्होंने उम्मीद जताई की राज्य में जल्द ही शांति बहाल होनी चाहिए और दोषियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए।

### 'विपक्ष उठा रहा है मुश्किलों का फायदा'

सरकार ने यह भी लिखा, 'मेरा मानना है कि आंदोलन की मुख्यधारा गैर-राजनीतिक है और इसको राजनीतिक बताकर टकराव करना सही नहीं है। बेशक विपक्षी दल मुश्किल हालातों का उठाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन हर दूसरे दिन सड़कों पर आंदोलन करने वाले युवाओं, आम लोगों का ग्रुप नहीं प्रोत्साहित नहीं करता। वो राजनीति नहीं चाहते, वो तो न्याय चाहते हैं। ये आंदोलन जितना महिला ट्रेनी डॉक्टर के लिए है, उतना राज्य सरकार के लिए भी है।

## रतलाम में गणेश जुलूस पर पथराव, पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त

**रतलाम।** मध्य प्रदेश के रतलाम में भगवान गणेश की मूर्ति ले जा रहे जुलूस पर अराजक तत्वों ने पथराव कर दिया जिससे गुस्साए लोगों ने थाने का घेराव कर दिया। जिसके बाद शहर के महत्वपूर्ण स्थानों पर भारी सुरक्षा तैनात कर दी की गई। जानकारी के मुताबिक यह घटना शनिवार रात मोचीपुरा इलाके में हुई। बताया जाता है कि जब कुछ लोग 10 दिवसीय गणेश उत्सव के तहत स्थापना के लिए भगवान की मूर्ति ले जा रहे थे, तभी पथराव किया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पथराव में उनका वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

- गुस्साए लोगों ने घेरा थाना



**पुलिस के पहुंचने के बाद भी अराजक तत्वों ने किया पथराव :** पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शिकायत पर भीड़ पुलिस के पीछे-पीछे घटनास्थल पर पहुंच गई। इस दौरान किसी ने फिर से पत्थर फेंका और पथराव शुरू हो गया, जिसमें पुलिस वाहन का शीशा टूट गया, जिसके बाद पुलिस को भीड़ को मौके से हटाने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। इसके अलावा अधिकारियों ने रतलाम के जौरा कस्बे और धार जिले से भी पुलिस को बुला ली। घटना के बाद से शहर के चारों ओर भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है।

डॉ.वाशानी दर-दाँत गम पेंट
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
® असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

*टीवीके को चुनाव आयोग से 'हरी झंडी'*

## साउथ सुपरस्टार थलपति विजय करेंगे राजनीति, दल को मिली मान्यता

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) को भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने आधिकारिक तौर पर रजिस्टर कर लिया है। यह जानकारी रविवार को पार्टी चीफ और जाने-माने एक्टर विजय ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय चुनाव आयोग ने उनके सियासी दल को चुनावी राजनीति में हिस्सा लेने के लिए मंजूरी दे दी है। "हमारे देश के चुनाव आयोग ने इसे कानूनी रूप से माना है और अब हमारे तमिलगा वेत्री कझगम को एक राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत किया है और इसे एक पंजीकृत दल के रूप में चुनावी राजनीति में भाग लेने की अनुमति दी है। मुझे यह आपके साथ साझा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। इसके बाद विजय ने कहा, "आइए बाधाओं को तोड़ें, झंडा उठाएं, नीति की मशाल उठाएं और तमिलनाडु के लोगों के लिए अग्रणी राजनीतिक पार्टी के रूप में तमिलगा वेत्री कझगम के साथ जुड़ें।"

### जल्द होगा पार्टी का राज्य सम्मेलन

*विजय ने कहा कि पार्टी के लिए आगे की चुनौतियों की दिशा में पहला कदम उठाने के लिए पहला दरवाजा खुला है। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि पार्टी ने राज्य सम्मेलन की तैयारियां शुरू कर दी हैं और इस बारे में आधिकारिक घोषणा का इंतजार करना होगा। अभिनेता विजय ने तमिलनाडु के कल्याण के लिए काम करने का भी वादा किया और कहा, "तमिलनाडु अब से बेहतर होगा। जीत निश्चित है। उन्होंने इस साल फरवरी में अपने पार्टी के नाम का ऐलान किया था और कहा था कि वह 2026 में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में हिस्सा लेंगे। उन्होंने 22 अगस्त को अपनी राजनीतिक पार्टी के झंडे और सिंबल का अनावरण किया था और बाद में इसे पनैयूर पार्टी कार्यालय में फहराया। इस दौरान उनकी राजनीतिक पार्टी के लिए एक ऑफिशियल सॉन्ग भी जारी किया।*

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## पैरालंपिक का समापन



- ट्रैक एंड फील्ड में सबसे ज्यादा 17 मेडल भारत को मिले
- भारत ने कुल 29 पदक जीते जिसमें सात स्वर्ण जो देश के लिए पहली बार
- कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने रिकॉर्ड तोड़ मंच पर जगह बनाई

- अधिकांश स्थापित नाम उम्मीदों पर खरे उतरे
- देश पदक तालिका में शीर्ष बीस में शामिल रहा

# पैरालंपिक में टूटे सभी रिकॉर्ड

## 29 पदकों के साथ देश लौट रही भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶ पेरिस

पेरिस पैरालंपिक का रविवार को समापन हो गया। भारतीय दल ने कुल 29 पदक जीतकर टोक्यो का रिकॉर्ड तोड़ दिया। तीन साल पहले भारत ने 19 पदक जीते थे। अब देश ने पैरा खेलों के इतिहास में अपने सबसे ज्यादा पदक जीत लिए हैं। इनमें सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य शामिल हैं। दिव्यांग लेकिन असाधारण रूप से दृढ़ भारत के पैरा एथलीट को अपने पैरालंपिक अभियान पर गर्व महसूस होगा क्योंकि ▶▶ शेष पेज 4 पर

**भारत एक ताकत के रूप में उभरा**

पैरालंपिक में एक बार फिर चीन का दबदबा रहा जिसने 200 से ज्यादा पदक जीते। भारत अब भी ओलंपिक स्तर पर एक ताकत बनने से बहुत दूर है लेकिन दिव्यांगों की प्रतियोगिता में उभरा है।

**ट्रैक और जूडो में अप्रत्याशित पदक**

पैरालंपिक इतिहास में ट्रैक स्पर्धाओं सहित कई पहले स्थान सुनिश्चित किए जिसमें धावक प्रीति पाल ने महिलाओं की 100 मीटर टी35 और 200 मीटर टी35 श्रेणी में कांस्य पदक जीता।



### सुमित अंतिल और अवनि लेखरा ने खिताब बरकरार रखा

कई स्पर्धाओं में पहली बार पदक आए तो वहीं भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और निशानेबाज अवनि लेखरा सहित कुछ खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें थीं जिन्होंने टोक्यो में स्वर्ण पदक जीता था। सुमित का बायां पैर एक दुर्घटना के बाद काटना पड़ा था। उन्होंने लगातार दूसरी बार भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतकर अपना ही पैरालंपिक रिकॉर्ड तोड़ दिया जबकि व्हीलचेयर पर रहने वाली राइफल निशानेबाज लेखरा ने एयर राइफल एसएच1 फाइनल में दबदबा बनाया। बैडमिंटन कोर्ट से भी कुमार नितेश ने एक स्वर्ण पदक जीता।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 41 आईएएस अफसरों का तबादला



**पटना।** बिहार सरकार ने बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया है। यहां 41 आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से अधिसूचना की गई। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का तबादला किया गया है।

### कार और बाइक की टक्कर में दो की मौत



**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में एक कार और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। मृतकों में कार सवार समीर अहमद (17) और मोटरसाइकिल सवार खुदा बख्श (19) है।

### तालाब में डूबने से तीन की मौत



**ललितपुर।** यूपी में तालबेहट क्षेत्र में तालाब में नहाते वक्त डूबने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। बगरी गांव में सुमित (10) नामक लड़का अपनी चचेरी बहनों अनुष्का (12) और कल्लो (16) के साथ नागेश्वर मंदिर के पास बने तालाब में नहाने गया था।

## थोक में शिकायत के बाद यूपीएससी ने केंद्र को भेजी डिटेल

# पूजा के बाद रडार पर 30 अफसर दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ का शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

संघ लोक सेवा आयोग को 30 से अधिक ऐसे अफसरों की शिकायत मिली है। शिकायतों में दावा किया गया है कि चयनित उम्मीदवारों ने अपने सर्टिफिकेट और अन्य विवरणों की गलत जानकारी दी है। यूपीएससी ने इन शिकायतों को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को सौंप दिया है, अगर ये सभी आरोप सच पाए जाते हैं तो अफसरों पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है। सूत्रों के अनुसार आयोग जल्द ही ऐसे अफसरों की जांच करा सकता है। हालांकि आयोग की ओर से अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

दरअसल, यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा देश की सबसे कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक है। इस परीक्षा के माध्यम से आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस आदि अधिकारियों का चयन होता है, जिसके बाद उन्हें मुख्य जिम्मेदारियां सौंपी जाती है। उनके हाथों में देश के विकास कार्य से लेकर सुरक्षा ▶▶ शेष पेज 4 पर

*महाराष्ट्र की पूर्व ट्रेनी आईएएस अफसर पूजा खेडकर लंबे समय से चर्चा में हैं। उन्होंने केंद्र सरकार में अफसर की नौकरी के लिए यूपीएससी को गुमराह करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। केंद्र सरकार ने पूजा पर सख्त एक्शन लिया और उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया। खेडकर विवाद के बाद यूपीएससी को 30 अन्य ऐसे अफसरों की शिकायत मिली है, जिन्होंने अपने डॉक्यूमेंट्स के साथ छेड़छाड़ की थी।*

### परीक्षा नियमों में होगा बड़ा बदलाव

केंद्र सरकार विकलांगता मानदंड और कोटे के दुरुपयोग को रोकने की तैयारी में है। इस मुद्दे पर लगातार मीटिंग चल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन एकेडमी में पूजा खेडकर के कई बैचमेट्स को उसके विकलांग कोटे के कथित दुरुपयोग के बारे में पता था। अब कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग और आईएएस ट्रेनिंग एकेडमी ऐसे प्रोटोकॉल पर काम कर रहे हैं, जो इस तरह की कमियों को दूर करेगा।

### यूपीएससी के पास शिकायतें, आयोग ने कार्मिक विभाग को दी जानकारी





केंद्र सरकार का बड़ा एक्शन, दिखा दिए बाहर का रास्ता

पूर्व आईएएस पूजा का 'खेल' खत्म

### यूपीएससी को धोखा देना नहीं होगा आसान

गौरतलब है कि यूपीएससी ने नाम में बदलाव जैसे धोखे को रिपीट करने से रोकने के लिए अपने सॉफ्टवेयर और प्रोटोकॉल में बदलाव कर लिया है। इसका आवेदन-लिंक सॉफ्टवेयर अब यह पता लगा लेगा कि क्या किसी उम्मीदवार का नाम और जन्म तिथि एक अटेंप्ट से दूसरे अटेंप्ट में बदल जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक आयोग ने एक समान ऑपरेटिंग मोड के जरिए उम्मीदवारों को अटेंप्ट लिमिट का उल्लंघन करने से रोकने के लिए अपनी लॉ बुक को भी सख्त कर दिया है।

**शिकायतों पर एक्शन लेगा यूपीएससी**

सूत्रों के अनुसार संघ लोक सेवा आयोग को सरकारी नौकरी में फर्जीवाड़े की 30 से ज्यादा शिकायतें मिली हैं। यह शिकायतें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को भेजी गई है। सूत्रों के अनुसार केंद्र सरकार के आवश्यक दिशा निर्देश के बाद यूपीएससी इस मामले में कार्रवाई कर सकता है।

# फैक्ट्री में टूटकर गिरा बायलर का हॉपर चार मजदूरों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर/सेदम

रविवार को सिलसिला स्थित मां क़ुदरगढ़ी एलुमिना फैक्ट्री के अंदर हुए भीषण हादसे में चार मजदूरों की मौत हो गई। फैक्ट्री में काम करते समय बायलर का हापर टूट गया जिससे हापर के मलबे और कोयले के नीचे आधा दर्जन मजदूर दब गए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासन की टीम द्वारा लगभग पांच घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाकर चार मजदूरों के ▶▶ शेष पेज 4 पर

**लुंड्रा के सिलसिला की घटना**

### की जाएगी जांच

फैक्ट्री में कुल 10 मजदूर काम कर रहे थे। फैक्ट्री में हापर टूटकर गिरने से कोयले के नीचे दबने से चार मजदूरों की मौत हो गई है जबकि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमारी पहली प्राथमिकता मजदूरों को बाहर निकालना थी। मृतक मध्यप्रदेश व बिहार के रहने वाले हैं। इस मामले की जांच की जाएगी और जांच के बाद ही घटना का कारण पता चल सकेगा।

- **अंकिता तिवारी**, नायब तहसीलदार

### की जाएगी कार्रवाई

इस घटना की जांच चल रही है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- **योगेश पटेल**, एसपी सरगुजा

## देश में मिला एमपॉक्स का पहला संदिग्ध केस, किया आइसोलेट

**नई दिल्ली।** देश में एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) का पहला संदिग्ध मामला सामने आया है। मरीज एक युवक है, जिसने हाल ही में एमपॉक्स से जूझ रहे देश से यात्रा की है। युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसे आइसोलेशन में रखा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उस व्यक्ति की जांच की जा रही है जो हाल ही में ऐसे देश से लौटा है, जहां मंकीपॉक्स के मामले हैं।

### 116 देशों में मामले

बता दें कि एमपॉक्स कोई नहीं बीमारी नहीं है, लेकिन हाल के समय में इसके कई देशों में मामले सामने आए। इसके बाद इसे ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया गया। दुनिया के 116 देशों में एमपॉक्स के मामले मिल चुके हैं। साल 2022 में भी डबल्यूएचओ ने इसे लेकर इमरजेंसी घोषित की थी।


*कश्मीर से केंद्रीय रक्षामंत्री को संदेश*

## पाकिस्तान कश्मीर में आतंकवाद बंद कर दे तो हम बातचीत के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶ बनिहाल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कश्मीर से पाकिस्तान को बड़ा संदेश दिया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बंद कर दे तो भारत उसके साथ बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। रामबन जिले के बनिहाल विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के उम्मीदवार मोहम्मद सलीम भट के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 4 पर

### तीन दशक में 40 हजार से अधिक मौतें



इससे पहले, केंद्रीय रक्षा मंत्री ने भाजपा उम्मीदवार राकेश सिंह ठाकुर के समर्थन में निकटवर्ती रामबन में एक चुनावी रैली में कहा कि पिछले तीन दशक में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में 40,000 से अधिक लोगों की जान चली गई।

### आतंकी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं

राजनाथ सिंह ने कहा, हम किसी भी कीमत पर आतंकी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने भाजपा के इस कथन को दोहराया कि अनुच्छेद 370 इतिहास बन गया और यह संकल्प लेते हुए कि इसे कभी बहाल नहीं किया जा सकता।

## कच्छ में अज्ञात बुखार से छह दिन में 12 की मौत!

**गुजरात में बीमारी से खौफ**



**अहमदाबाद।** गुजरात के कई हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ के प्रकोप के बीच रविवार को चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां कच्छ जिले के लखपत तालुका में एक हफ्ते के भीतर 12 लोगों की मौत हो गई, जिसमें 12 साल से कम उम्र के चार बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा, मौत का कारण प्राथमिक रूप से न्यूमोनाइटिस प्रतीत होता है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। हड़कंप के बाद क्षेत्रों में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

**कोलकाता मामले में मांगा न्याय**

## 4000 से अधिक पूर्व छात्रों का पैदल मार्च



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता स्थित आरजी कर अस्पताल में एक महिला प्रशिक्षु से कथित बलात्कार और उसकी हत्या की घटना के विरोध में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के पूर्व छात्र, मिट्टी के सामान बनाने वाले, रिक्शा चालक और कनिष्ठ चिकित्सकों समेत विभिन्न क्षेत्रों के लोग रविवार को अलग-अलग तरीके से शहर की सड़कों पर उतरे। दक्षिण कोलकाता में 40 से अधिक स्कूल के लगभग 4,000 पूर्व छात्र न्याय की मांग को लेकर दो किलोमीटर पैदल चले।

### मिट्टी के बर्तन बनानें वालों की रैली

एक रैली में मिट्टी के बर्तन बनाने वालों ने उत्तर कोलकाता में कुमारतुली से रवींद्र सरणी से होते हुए श्यामबाजार पंचकोणीय चौराहे तक रैली निकाली, जिसमें देवी दुर्गा की वेशभूषा में सजी एक लड़की ने रैली का नेतृत्व किया। प्रदर्शनकारियों ने यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए अरिजीत सिंह का गीत 'आर काबे' (कितनी देर और) गाया और उन्होंने इस दौरान आरजी कर हत्या-बलात्कार घटना की शीघ्र जांच करने और न्याय की मांग करने वाली तख्तियां थाम रखी थीं।

### पीड़िता की मां बोलीं- ये सभी प्रदर्शनकारी मेरे बच्चे

सरकारी एनआरएस अस्पताल के सैकड़ों कनिष्ठ चिकित्सकों ने सियालदह से शहर के बीचों-बीच स्थित एस्प्लेनेड तक रैली निकाली जहां पीड़िता के माता-पिता भी मौजूद थे। पीड़िता की मां ने कहा, मैं जब भी उस रात मेरी बेटी द्वारा झेली गई पीड़ा के बारे में सोचती हूं, तो मैं सिहर उठती हूं। उसका सपना समाज की सेवा करना था, अब ये सभी प्रदर्शनकारी मेरे बच्चे हैं। प्रदर्शन का 10 अगस्त से केंद्र रहे आरजी कर अस्पताल के सैकड़ों कनिष्ठ चिकित्सकों ने शाम पांच बजे मानव श्रृंखला बनाई और तिरंगा थामकर राष्ट्रगान गाया।




RAIPUR: MAHOBA BAZAR, G.E. ROAD: SKY AUTOMOBILE: 8889996586, 8889998611, 8889998605 | AVANTI VIHAR: SKY AUTOMOBILES: 9584465304, 9111107029 | BHILAI: POWER HOUSE, G.E. ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332, 9179424485, 7089688410 | DURG BYPASS: CHOUHAN AUTOMOBILES: 7222910050, 7222910005, 7222910057 | DURG: PULGAON CHOWK: SPARSH AUTOMOBILES: 9179424485 | JAGDALPUR: SKY AUTOMOBILES: 6260288613, 8889998641 | BHATAGAON: HDN MOTORS: 7909800009 | SARONA: VISHWABHARTI AUTOMOBILES: 6262620109, 6262620093 | DUMERTARAI, DHAMTARI ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 8120001958, 9111011381.

## चिंतन

# पाक को खरी-खरी सुनाकर विरोधियों को भी दिया संदेश

जम्मू-कश्मीर में जारी विधानसभा चुनाव के बीच केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को दो टूक संदेश दिया है कि अगर पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बंद कर दे तो भारत उसके साथ बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। इससे पहले भी भारत ने कई बार पाक हुकूमत को ऐसा संदेश दिया है। दरअसल, केंद्र में पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद पाकिस्तान से संबंध सामान्य करने की कोशिश की गई, पाक से आतंकवाद को शह देना बंद करने को कहा गया, खुद पीएम मोदी लाहौर में नवाज शरीफ से मिले, इसके बाद भी जब पाक एस्टाब्लिशमेंट (पाक फौज व पाक खुफिया एजेंसी (आईएसआई) ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद प्रायोजित करना बंद नहीं किया, घुसपैठ कराना नहीं छोड़ा तो भारत ने सख्त एक्शन लिया। भारत ने पाकिस्तान से साफ-साफ कहा कि जब तक वह आतंकवाद बंद नहीं करेगा, तब तक भारत बातचीत नहीं करेगा। पाकिस्तान अपने पाले आतंकवाद से खुद परेशान रहता है, इसके बावजूद वह भारत के खिलाफ प्रायोजित आतंकवाद बंद नहीं करता है। भारत ने जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद के खात्मे के लिए कई स्तर पर कदम उठाए हैं। सेना के ऑपरेशन क्लीन से लेकर अनुच्छेद 35 के हटाने व अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान को समाप्त करने व वहां राज्यपाल शासन लगाने तक कई फैसले हुए, इससे आतंकवाद पर 70 फीसदी तक अंकुश भी लगा है। हालांकि हाल के दिनों में विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट के बीच जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गुट सक्रिय हुए और कई आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिया। इसमें कोई शक नहीं कि पाकिस्तान की एस्टाब्लिशमेंट कश्मीर के माहौल को शांत नहीं होने देना चाहती, इसके लिए दहशतगर्दी के नए-नए रूपों का इस्तेमाल करती रहती है। केंद्र सरकार ने जब से कश्मीर में अलगाववादियों की जड़ें काटी हैं, तब से वहां स्थानीय आतंकवाद भी कमजोर हुआ है। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद केंद्रीय शासन रहने से पत्थरबाजी की घटनाएं भी कम हुई है। भारत सरकार की ओर से घाटी में आतंकवाद को रोकने लिए किए गए सम्मलित प्रयासों से सकारात्मक बदलाव भी आए हैं। चुनाव के दौरान पीडीपी की मुखिया महबूबा मुफ्ती अलगाववादियों से सहानुभूति वाले बयान दे रही हैं, तो नेशनल कॉन्फ्रेन्स के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला वोटरों को साधने के लिए पाकिस्तान से वार्ता की वकालत कर रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में स्थिति साफ करते हुए भाजपा के चुनाव प्रचार के लिए कश्मीर गए राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया है कि भारत पाक से बातचीत के लिए तैयार है बशर्ते पाक हुकूमत आतंकवाद बंद कर दे। राजनाथ ने कहा है कि पीओके के निवासियों को भारत का हिस्सा बनना चाहिए। हालांकि भारत अतीत में पीओके को लेकर गलती कर चुका है, चार-चार बार युद्ध जीतने के बावजूद भारत ने पाक से पीओके नहीं लिया। अब गलती सुधारने का वक्त है। संसद में कहा जा चुका है कि पीओके भारत का हिस्सा है, इसे हम लेकर रहेंगे। अभी पीओके में भी पाकिस्तान के खिलाफ आवाज मुखर है, ऐसे में सरकार को कूटनीतिक व सैन्य प्रयास करना चाहिए। सत्ताधारी दल को केवल चुनाव के वक्त ही पीओके की याद नहीं आनी चाहिए। अपना क्षेत्र है, तो अपना बनाने में देरी क्यों है? भारत को पाकिस्तान के साथ कूटनीतिक व सामरिक रूप से आर-पार की रणनीति पर काम करना होगा। राजनाथ ने आतंकवाद पर पाक को खरी-खरी सुनाकर जम्मू-कश्मीर चुनाव में पाक से वार्ता की वकालत कर रहे नेताओं को भी संदेश दे दिया है।

## विशेष

डॉ. गीतेश अमरोहित



# भौतिक चिकित्सा जरूरत के साथ कारगर भी

प्रतिवर्ष आठ सितंबर को विश्व के साथ-साथ भारत में भी फिजियोथेरेपी दिवस मनाने की परंपरा है। फिजियोथेरेपी जिसे हिन्दी में भौतिक चिकित्सा भी कहा जाता है। भौतिक चिकित्सा पद्धति चिकित्सा विज्ञान की आधुनिकतम शाखा है, जिसमें मशीनों और व्यायाम के द्वारा मांसपेशियों को सक्रिय बनाकर मरीज को पुनः दैनिक जीवनचर्या के काबिल बनाया जाता है। फिजियोथेरेपी यह भी सिखाती है कि स्वस्थ कैसे रहा जाए। तेजी से बढ़ते फिटनेस की दुनिया में फिजियोथेरेपी के महत्व को अनदेखा भी नहीं किया जा सकता। वस्तुतः देखा जाए तो हालिया दशकों में भौतिक चिकित्सा पद्धति का प्रचलन बढ़ा है। इसका मूल कारण फिजियोथेरेपी में दवाइयों का उपयोग ही नहीं होता, जिससे दुष्प्रभावों का प्रश्न ही नहीं उठता। वर्तमान का दौर ऐसा है कि मरीज सामान्यतः लंबी बीमारियों के दौर से गुजरता है। बीमारियां भी ठीक होने का नाम नहीं लेती। ऐसे में जब दवाइयां मरीज के शरीर में दुष्प्रभाव छोड़ रही हैं, एंटीबॉयोटिक, पेनकिलर, एंटीपॉयरेटिक दवाइयां शरीर में असर कम डाल रही हों, भौतिक चिकित्सा की उपचार विधा मरीज में जान डालने का काम कर रही है। फिजियोथेरेपी में भौतिक चिकित्सक मरीज के मर्ज से ही नहीं जुड़ते, बल्कि सीधे ही मरीज के मन से जुडक़र उपचार करते हैं। मरीज के जीवन को पहचानना और उसकी गुणवत्ता बढ़ाना ही भौतिक चिकित्सक का ध्येय होता है, साथ ही साथ लोगों को उनकी शारीरिक कमियों से बाहर निकालना, निवारण, उपचार और पूर्ण रूप से आत्म - निर्भर बनाना है। यह शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक क्षेत्र में अच्छी तरह से मरीज या व्यक्ति को सबल करने में मदद करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से उन्नत व्यक्ति को ही स्वस्थ व्यक्ति की संज्ञा प्रदान की गई है। अमूमन भौतिक चिकित्सक किसी भी व्यक्ति या मरीज को इसी दिशा में रोगमुक्त या सक्रियता प्रदान करने का कार्य करता है।

फिजियोथेरेपी उपचार विधा के इतिहास पर गौर करें तो हिप्पोकरेट्स और कालांतर में गेलेनस जैसे चिकित्सक शुरूवाती दिनों में मालिश, विद्युत उपचार और जल चिकित्सा के पक्षधर रहे हैं। मौलिक रूप से विधा के रूप में प्रचलित करने का श्रेय हेनरिक लिंक को जाता है। अठारहवीं सदी में अस्थित विज्ञान के विकास के बाद गठिया और उसके समान रोगों के उपचार के अंतर्गत जोड़ों के सुनियोजित व्यायाम हेतु जिमनैस्टीकॉन और ऐसी ही अन्य मशीनों का निर्माण होने लगा जो कि शारीरिक चिकित्सा में बाद में आए बदलावों के सदृश थे। 1887 में स्वीडन के नेशलन बोर्ड ऑफ हेल्थ एंड वेलफेयर द्वारा शारीरिक चिकित्सकों को सरकारी पंजीकरण दिया जाने लगा। पहली बार 1914 में अधिकृत रूप से न्यूजीलैंड के ओटागो विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फिजियोथेरेपी और संयुक्त राज्य अमेरिका के पोर्टलैंड ऑरेगॉन के रीड कॉलेज ने शारीरिक पुर्नसंरचना सहयोग में स्नातक उपाधि देना प्रारंभ किया था। आज देश भर में फिजियोथेरेपी के अनेक स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शासकीय और निजी शैक्षणिक संस्थाएं संचालित कर रही हैं। देश में फिजियोथेरेपी चिकित्सकों की विशाल तादाद है। दुःख की बात यह है कि आज तक इस पद्धति के चिकित्सकों की कोई कौंसिल राष्ट्रीय स्तर पर नहीं है, जहां पंजीयन की सुविधा हो और संचालित हो रहे पाठ्यक्रमों पर निगरानी हो सके। हालांकि समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा संबंधित विधेयक को सदन के पटल पर रखा गया, परंतु कई तकनीकी कारणों से हर बार पारित होने से विधेयक टलता गया। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य की बात करें तो राज्य निर्माण के बाद सन 2002 में निजी क्षेत्र में पांच और शासकीय क्षेत्र में एक की संख्या में फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों की स्थापना हुई। उसके बाद से इन महाविद्यालयों से अनेक अर्हताधारी चिकित्सक उत्तीर्ण हुए। विडंबना है कि राज्य में अब तक शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय में स्नातकोत्तर शिक्षा की व्यवस्था नहीं हो पाई है। दूसरी ओर छत्तीसगढ़ राज्य अनेक विकसित राज्यों को पीछा छोड़ते हुए छत्तीसगढ़ राज्य फिजियोथेरेपी एवं आक्यूपेशनल थेरेपी परिषद का गठन कर चुका है। इसका लाभ यह हुआ है कि राज्य के भौतिक चिकित्सकों का इसमें पंजीयन हो रहा है। संचालित निजी और शासकीय क्षेत्रों के भौतिक चिकित्सा महाविद्यालयों की सतत निगरानी और पाठ्यक्रम एकरूपता के कारण राज्य में फिजियोथेरेपी चिकित्सा क्षेत्र में एक स्वस्थ और उन्नत वातावरण का निर्माण हुआ है।

अब तक राज्य में फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रम के चौदह से अधिक बैच निकल चुके हैं। भौतिक चिकित्सकों की संख्या राज्य में हजारों में है, जो राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर चिकित्सा महाविद्यालयों में अपनी सेवा दे रहे हैं। दूसरी ओर निजी क्षेत्र में भी उपचार के लिए फिजियोथेरेपी के कई उन्नत चिकित्सा संस्थान राज्य के महानगर रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर और रायगढ़ जैसे शहरों में हैं। संपूर्ण राज्य में फिजियोथेरेपी चिकित्सा विधा की लोगों में पहुंच की बात करें तो यह अत्यंत सर्व सुलभ और लोगों के बजट में भी है। महानगरों में बड़े संस्थाओं द्वारा धर्मार्थ रूप से फिजियोथेरेपी चिकित्सा उपचार केंद्रों का भी संचालन बड़े पैमाने पर हो रहा है। राजधानी रायपुर में माना स्थित पुर्नवास केंद्र में अत्याधुनिक गेट ट्रेनिंग लैब की भी सुविधा है, जहां किसी बीमारी के कारण मरीज के बिगड़े चाल का आंकलन कर उसका मशीनों के माध्यम से उपचार किया जाता है। बिगड़ी जीवनशैली से होने वाली बीमारियां मसलन पक्षाघात, मधुमेह, कमर दर्द, गरदन दर्द, गठिया वात जैसी अनेक बीमारियों के मरीज इस उपचार विधा के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

*-लेखक न्यूरो फिजियोथेरेपिस्ट और फिजियोथेरेपिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।*

# लालच बन रहा है साइबर ठगी की वजह



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

इंटरनेट आज आम जनजीवन का अहम हिस्सा बन चुका है, इस प्रौद्योगिकी पर बढ़ती निर्भरता के साथ ही अब इससे जुड़ी दुश्वारियां भी सामने आने लगी है। ऐसा कोई भी दिन नहीं गुजरता जब हमें सायबर ठगी से जुड़ी खबरें न मिलती हों। आम जनता को इस धोखाधड़ी से बचाव के लिए बैंक, पुलिस सहित तमाम एजेंसियां लगातार अपील कर रही हैं कि वे किसी भी व्यक्ति को बैंक एकाउंट नंबर, पिन, पासवर्ड, ओटीपी आदि न बताएं और न ही किसी अनजाने लिंक को क्लिक करें और न ही किसी अनजाने विडियो काल को उठाएं बावजूद लोग इस गिरोह के चंगुल में फंसकर जीवन भर की गाढ़ी कमाई गंवा रहे हैं। हाल ही में भिलाई स्टील प्लांट के एक रिटायर्ड अफसर के साइबर ठगों के जाल में फंसकर अपने 1 करोड़ से ज्यादा रुपए गंवाने का मामला सामने आया है। इस मामले में धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सदस्य ने व्हाट्स एप कॉल के जरिए पीड़ित को बैंक में घोटाले का हवाला देते हुए उसके एकाउंट का पूरा ब्यौरा हासिल कर एक करोड़ रुपए से ज्यादा रकम अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया। दूसरा मामला राजधानी रायपुर का है जहां जालसाजों ने इंस्टाग्राम यूजर डॉक्टर को एक गेमिंग कंपनी में पैसा निवेश करने पर 40 फीसदी मुनाफा कमाने का झांसा देकर उससे 90 लाख रुपए की ठगी कर लिया। गौरतलब है कि सायबर जालसाज आम लोगों को शेयर बाजार में रकम दोगुना करने, घर बैठे लाखों कमाने और मोटा इनाम का सपना दिखाकर उनसे लाखों करोड़ों रुपए ठग रहे हैं। यह कहना गैर लाजिमी नहीं होगा कि इन दिनों चोरी, डकैती, ठगी, लूट और राहजनी के मामलों में गिरावट देखी जा रही है बल्कि इसकी जगह जालसाजों ने लूट नया तरीका डिजिटल धोखाधड़ी को ढूंढ लिया है। आश्चर्यजनक तौर पर साइबर फ्रॉड का शिकार केवल अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे लोग ही नहीं हो रहे हैं बल्कि डॉक्टर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, उच्च शिक्षित प्रोफेसर, सैन्य व आला प्रशासनिक अधिकारी भी हो रहे हैं।

सायबर अपराध के शोध के लिए बनी अंतरराष्ट्रीय टीम के मुताबिक भारत सायबर अपराध के मामलों में दसवें स्थान पर है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अनुसार 2023-24 में कार्ड और इंटरनेट से हुए धोखाधड़ी के कुल 29082 मामले सामने आए हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अनुसार इस साल जनवरी से मई के बीच कुल 1,203 करोड़ रुपए के डिजिटल धोखाधड़ी के 4,599 मामले दर्ज किए गए मतलब औसतन रोज 7000 से ज्यादा ठगी के शिकायतें दर्ज हुई। अनुमान के मुताबिक बीते चार महिनों में तकरीबन 400 करोड़ रुपए की डिजिटल फ्रॉड हुआ है। इस प्रकार के धोखाधड़ी के मामलों पर गौर करें तो इसके पीछे व्यक्ति का लालच, भय और अज्ञानता जैसे कारण ही मुख्य रूप से जवाबदेह हैं। संसद में पेश एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में पांच राज्यों उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में दर्ज हुए हैं जिसमें उत्तरप्रदेश अव्वल है। साइबर अपराध से जुड़े मामलों की जांच कर रहे अधिकारियों के मुताबिक सायबर धोखाधड़ी में एक गिरोह काम करता है जिसका संचालन देश के विभिन्न राज्यों सहित दक्षिण पूर्व एशिया के प्रमुख शहरों से हो रहा है। भारत में झारखंड का जामताड़ा शहर इस ठगी के मामले में सबसे ज्यादा बदनाम था लेकिन अब देवघर, दिल्ली,उत्तरप्रदेश का आजमगढ़, मथुरा , बिहार का गोपालगंज, हरियाणा का मेवात, भिवानी और नूह, गुजरात का अहमदाबाद और सूरत, राजस्थान का भरतपुर, पश्चिम बंगाल का दुर्गापुर और आसनसोल तथा आंध्रप्रदेश का चित्तूर ठगी के लिए कुख्यात हो चुका है। आश्चर्यजनक तौर पर इस अंतर्राज्यीय गिरोह के तार दुबई सहित चीन, श्रीलंका, नेपाल, कंबोडिया, म्यांमार और लाओस जैसे देशों से जुड़े हैं।




बहरहाल भारत में मुख्य रूप से आम लोग हैकिंग,स`क्सटॉर्शन , फेक सोशल मिडिया एकाउंट और फेक वाट्सएप कॉल, फेक ट्रेडिंग एप्स, लोन, गेमिंग, मनी लांड्रिंग, डेटिंग और मैट्रिमोनियल एप्स, क्रिप्टो, पेटीएम और यूपीए पासवर्ड या पिन, मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी के जरिए साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। सेक्सटॉर्शन दरअसल 'सेक्स' और 'एक्सटॉर्शन' इन दोनों शब्दों से मिलकर बना है जो एक तरह का ब्लैकमेल है। इसमें साइबर अपराधी सोशल मीडिया पर किसी महिला या युवती के नाम से मित्रता के लिए संदेश भेजते हैं जिसे स्वीकार करने के बाद गिरोह लोगों से अश्लील बातें और चैटिंग कर उन्हें वीडियो कॉल के लिए उकसाते हैं। इस झांसे में आने के बाद यूजर्स द्वारा वीडियो कॉल करने पर न्यूड वीडियो दिखाई पड़ता है जिसका अपराधी विडियो बना लेते हैं। इसके बाद गिरोह के सदस्य पुलिस अधिकारी बनकर यूजर को पैसों के लिए धमकाते हैं कई बार इस अश्लील वीडियो को यूट्यूब पर अपलोड करने की धमकी दी जाती है। आमतौर पर पीड़ित पक्ष अपनी बदनामी के डर से मामले को पुलिस में ले जाने के लिए हिचकता है और ठगी गिरोह के चंगुल में फंसकर लाखों लूटा बैठता है। जानकारी के मुताबिक सेक्सटॉर्शन के चक्रव्यूह में अनेक प्रभावशाली अधिकारी, व्यापारी, राजनेता, नौकरीपेशा से लेकर युवा फंस रहे हैं जो अपनी प्रतिष्ठा धूमिल होने की भय में पूंजी के साथ ही अपनी जान गंवाने के लिए विवश हो रहे हैं। बहरहाल सेक्सटॉर्शन जैसे ठगी से सावधानी और संयम के जरिए बचा जा सकता है। यूजर्स को किसी भी महिला या युवती के फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार करने से पहले ठीक तरह से तस्दीक करना चाहिए। सोशल मीडिया में यदि कोई यूजर आपको अश्लील संदेश या वीडियो भेजता है तब इसकी तुरंत शिकायत साइबर सेल में करना चाहिए ताकि अपराधियों पर अंकुश लगे।

इन दिनों सोशल मीडिया पर फेक आईडी बनाकर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजने और इसके स्वीकार करने के बाद यूजर को किसी गंभीर आकस्मिक जरूरत बता कर ऑनलाइन पैसा मांगने जैसी घटनाएं भी काफी देखने में आ रही है जिसके झांसे में लोग आ रहे हैं जबकि ऐसे मामले में संबंधित से सीधे बातचीत कर ठगी से बचा जा सकता है।आजकल क्राइम ब्रांच या सीबीआई के पुलिस अधिकारी के नाम से यूजर्स के पास ऐसे वीडियो या वाट्सएप कॉल आ रहे हैं जिसमें डीपी में किसी वर्दीधारी पुलिस की फोटो लगी होती है जो संबंधित को यह बताता है कि आपका बेटा या बेटी ड्रग्स या किसी अन्य आपराधिक मामले में पकड़ा गया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ है यदि इस एकाउंट में पैसा भेज दें तो मामला रफा-दफा हो जाएगा और बच्चे को छोड़ देंगे। यूजर्स के पास इस प्रकार के मोबाइल फोन उनके किसी परिजन के गंभीर रूप से दुर्घटना होने और उसे अस्पताल में भर्ती करने के लिए पैसों की मांग के संबंध में की जाती है। गिरोह के सदस्य एआई के जरिए उस परिजन के आवाज को क्लोनिंग कर उस यूजर को सुनाते हैं जिससे पीड़ित व्यक्ति आश्वस्त हो जाता है कि गिरफ्तार या दुर्घटनाग्रस्त बच्चा उसी का है और हड़बड़ाहट में वह गिरोह को हजारों रुपए ट्रांसफर कर देता है। जबकि थोड़ी सी सावधानी से इस प्रकार के ठगी से बचा जा सकता है। डिजिटल धोखाधड़ी के कई मामलों में जालसाजों ने अपने आपको नारकोटिक्स, कस्टम अफसर या ईडी अफसर बताकर यूजर्स उसके नाम पर को ड्रग्स का पार्सल जब्त करने या बेनामी संपत्ति के नाम पर धमकाया और मोटा रकम ऐंठ लिया।

भारत में साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के परिप्रेक्ष्य में विचारणीय है कि देश की बड़ी आबादी डिजिटल तकनीक के लिहाज से लगभग निरक्षर है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि 'एआई' अब ऐसे खतरों को और भी बढ़ा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामले सरकार और समाज के लिए लगातार चुनौती बन रहा है लेकिन इसके पीछे मुख्य रूप से लालच, भय और अज्ञानता जैसे मनोवृत्तियां ही जिम्मेदार हैं। सेक्सटॉर्शन, शेयर ट्रेडिंग और लॉटरी जैसे साइबर फ्रॉड के मामले में लोग तन और धन के भूख का शिकार हो रहे हैं वहीं सीबीआई या पुलिस अधिकारी के नाम पर फर्जी व्हाट्स एप कॉल पर धोखा खाने वाले भय और अज्ञानता की वजह से पैसा गंवा रहे हैं। बहरहाल देश में साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखें तो यह 'सावधानी हटी तो दुर्घटना घटी' जैसा वाकया है लिहाजा इस प्रकार के धोखाधड़ी को केवल आत्म नियंत्रण, चारित्रिक शुचिता, डिजिटल जागरूकता और सतर्कता से ही रोका जा सकता है। इस प्रकार के ठगी से बचने के लिए अनजान नंबरों से आने वाले वीडियो कॉल्स जिससे धोखाधड़ी का अंदेशा हो उसे तुरंत ब्लॉक कर देना चाहिए। इसके अलावा अपने एटीएम कार्ड के पिन, मोबाइल फोन सहित अन्य डिजिटल गैजेट्स के पासवर्ड कभी भी किसी को शेयर नहीं करना चाहिए। धोखाधड़ी के शिकार होने पर तुरंत संबंधित बैंक और साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 से संपर्क करें ताकि धोखाधड़ी से बचा जा सके।

दूसरी ओर देश में साइबर अपराध के लिए हेल्पलाइन नंबर तथा वेबसाइट में शिकायत दर्ज कराने सहित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 एवं संशोधन 2008 के अलावा भारतीय दंड संहिता 1860 के विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई का प्रावधान है लेकिन इंटरनेट के जरिए होने वाले खतरे असीमित हैं लिहाजा सरकार को ऐसा सख्त कानून बनाना चाहिए जो लोगों को सुरक्षा और आर्थिक सहूलियत के साथ ही साइबर अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करे।

## धन-दौलत से पहले इनकी रक्षा जरूरी




संकलित

दर्शन

आचार्य चाणक्य ने नीति शास्त्र में धन व स्त्री समेत जीवन के तमाम पहलुओं का विस्तार से वर्णन किया है। एक श्लोक में चाणक्य ने बताया है कि धन व स्त्री से ज्यादा व्यक्ति को किसकी रक्षा करनी चाहिए। चाणक्य की नीतियां आज भी लोगों के बीच लोकप्रिय हैं। कहा जाता है कि चाणक्य की नीतियों का पालन करना थोड़ा मुश्किल है, लेकिन जिसने भी जिन्हें अपना लिया उसे सफलता हासिल होती है। पढ़ें चाणक्य नीति के अनुसार व्यक्ति को धन व स्त्री से भी पहले किसकी रक्षा चाहिए-

चाणक्य के अनुसार, बुद्धिमान व्यक्ति को आपत्ति व बुरा दिनों के लिए थोड़ा-थोड़ा धन बचाकर उसकी रक्षा करनी चाहिए यानी धन की बचत करें। समय पड़ने पर संचित धन से भी ज्यादा अपनी पत्नी की रक्षा जरूरी है क्योंकि पत्नी जीवनसंगिनी है। चाणक्य कहते हैं कि बहुत ऐसे अवसर होते हैं, जहां धन काम नहीं आता, वहां जीवनसाथी काम आता है। बुढ़ापे में पत्नी की भूमिका अहम होती है। चाणक्य का विचार यह भी है कि धन और स्त्री से ज्यादा व्यक्ति को अपनी रक्षा करनी चाहिए। यानी व्यक्ति का महत्व इन दोनों से ज्यादा है। अगर व्यक्ति का ही सर्वनाश हो गया तो धन और स्त्री का अस्तित्व ही क्या रह जाएगा, इसलिए व्यक्ति को धन-बचत और स्त्री रक्षा की अपेक्षा समय आने पर अपनी रक्षा ज्यादा जरूरी है। नीति शास्त्र के अनुसार, उपनिषद के कवि भी कहते हैं कि कोई किसी से प्रेम नहीं करता, सब स्वयं से ही प्रेम करते हैं।

## सेवा के लिए धन नहीं, तन-मन जरूरी



संकलित

प्रेरणा

महात्मा बुद्ध नगर से दूर एक वन में अपने शिष्यों के साथ बैठकर चर्चा कर रहे थे। आसपास के गांव के लोग भी उनके पास अपनी समस्याएं लेकर आ रहे थे। बुद्ध उनकी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कर रहे थे। तभी एक अत्यंत गरीब व्यक्ति अपने भाग्य को कोसता हुआ उनके पास आया। उसने बुद्ध से कहा, भगवन मेरी समस्या का भी समाधान करिए। तथागत ने कहा, 'कहो, तुम्हारी क्या समस्या है? और मैं उसे दूर करने में तुम्हारी क्या सहायता कर सकता हूं? उस व्यक्ति ने कहा, 'प्रभु मेरी बहुत इच्छा है कि मैं लोगों की हर प्रकार से मदद करूं। लेकिन मैं बहुत गरीब हूं। मेरे पास न तो धन है और न ही कोई कीमती वस्तु, जिससे मैं लोगों की सहायता कर सकूं। मैं दूसरों की मदद की इच्छा रखने के बावजूद किसी की सहायता नहीं कर पा रहा हूं। भगवान ने मुझे इतना गरीब क्यों बनाया कि मैं किसी के काम नहीं आ पा रहा हूं।' यह कहकर वह व्यक्ति रोने लगा। उसे रोता देखकर बुद्ध ने कहा, 'तुम बहुत अज्ञानी हो, क्योंकि तुम अभी तक इस भ्रम में जी रहे हो कि तुम्हारे पास कुछ भी नहीं है और तुम बहुत गरीब हो। जबकि तुम्हारे पास दूसरों को देने के लिए बहुत कुछ है। तुम बिना धन और कीमती वस्तु के भी दूसरों की मदद कर सकते हो। तुम्हारे पास जुबान है, जिससे तुम मीठे शब्द बोलकर किसी के दुखी चेहरे पर मुसकान ला सकते हो। तुम अपने शब्दों की ताकत से किसी के भी टूटे हौसलों को फिर से मजबूत कर सकते हो। उनमें आशा भर सकते हो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अभी भी यहां के लोगों को लोकतंत्र पर विश्वास है। अगर यहां लोकतंत्र पर लोगों को विश्वास नहीं होता तो लोग लंबी-लंबी कतारों में लगकर अपने कीमती मत का प्रयोग कर सरकारें न चुनते और न ही अपनी मांगों के लिए धरने-प्रदर्शन कर पाते। हाल ही में अमरीकी थिंक टैंक की एक रिपोर्ट में यह बताया गया है कि कितने लोग अपने यहां के लोकतंत्र से खुश या संतुष्ट हैं। इसमें हमारा देश एशिया का दूसरा और विश्व का तीसरा देश है। यहां लगभग 77 फीसदी नागरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था से खुश या संतुष्ट हैं। हमारे देश के लोकतंत्र पर उंगली उठाने वाले देशों में जर्मनी, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, अमरीका आदि के लोग अपने लोकतंत्र से उतने संतुष्ट नहीं हैं।

*-विकास साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### नुआखाई की शुभकामनाएं

नुआखाई के विशेष अवसर पर मेरी शुभकामनाएं। हम अपने मेहनती किसानों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं और हमारे समाज के लिए उनके प्रयासों की सराहना करते हैं। सभी को अच्छा स्वास्थ्य मिले।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### भूपेन को जयंती पर श्रद्धांजलि

भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जयंती पर उनको हार्दिक श्रद्धांजलि। डॉ. हजारिका की अद्वितीय कलात्मकता ने असमिया संस्कृति और धुनों को भारतीय संगीत में सबसे आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी रचनाएं हमारी विरासत के हिस्से के रूप में संजोई जाती हैं।

-जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष



### भूली हुई परियोजना

ईजीपुरा फ्लाईओवर का काम फिर से शुरू। उम्मीद है कि यह तेजी से पूरा होगा। यह यात्रियों के लिए वरदान साबित होगा। इस भूली हुई परियोजना पर तत्काल ध्यान वापस लाने के लिए कर्नाटक सरकार का धन्यवाद। -किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी



### 'द कट' का प्रीमियर

कल रात टोरंटो में अपने बच्चे के पिता की नई फिल्म 'द कट' के प्रीमियर का समर्थन करने के लिए रिहर्सल में पसीना बहाया। इस भूमिका के लिए उन्होंने जो शारीरिक और मानसिक प्रयास किए, उस पर इससे अधिक गर्व नहीं हो सकता।

-कैटी पैरी, अमेरिकन सिंगर



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# केंद्र ने मांगी थी रिलायंस वन्यजीव केंद्र से सहायता

मध्यप्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में पिछले साल महज एक महीने में तीन चीतों की मौत के बाद, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने मई 2023 में स्वास्थ्य निगरानी प्रोटोकॉल की समीक्षा के लिए गुजरात स्थित रिलायंस के वन्यजीव केंद्र के विशेषज्ञों की मदद मांगी थी। आधिकारिक रिकॉर्ड से यह जानकारी मिली है। प्राधिकरण के सहायक वन महानिरीक्षक अभिषेक कुमार ने 11 मई, 2023 को जामनगर में स्थित रिलायंस इंडस्ट्रीज के 'ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर' (जीजेडआरआरसी) के सीईओ को पत्र लिखकर विशेषज्ञों की एक टीम कूनो भेजने का अनुरोध किया था। इसका मकसद 27 मार्च और नौ मई के बीच तीन चीतों की मौत के बाद 'स्वास्थ्य निगरानी प्रोटोकॉल की समीक्षा' कराना और 'चीतों के कल्याण को सुनिश्चित करने' के लिए सलाह लेना था।कुमार के पत्र में कहा गया था कि 'प्रोजेक्ट चीता' जंगली, बड़े मांसाहारी जीवों को एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप में स्थानांतरित करने का पहला प्रयास है और इससे पहले ऐसा किए जाने का कोई उदाहरण नहीं है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इतनी 'बड़ी और जटिल' परियोजना के सामने कई चुनौतियां आएंगी।




## ऑफ बीट

# काठमांडू-कलिंग महोत्सव में भारतीय साहित्यकार भी शामिल


नेपाल के ललितपुर महानगर में शनिवार को तीसरा 'काठमांडू कलिंग साहित्य महोत्सव' शुरू हुआ। इस महोत्सव में नेपाल, भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों की 200 से अधिक साहित्यिक हस्तियों ने शिरकत की। भारत के प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य व लोकप्रिय इतिहासकार एवं अर्थशास्त्री संजीव सान्याल, नेपाल में भारतीय दूतावास के उप प्रमुख प्रसन्ना श्रीवास्तव, पूर्व भारतीय राजनयिक और संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव लक्ष्मी एम पुरी समेत अन्य लोगों ने उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रमुख नेपाली साहित्यकार डॉ. भुवन ढुंगाना ने भी उद्घाटन सत्र को संबोधित किया जिसकी अध्यक्षता रशिम रंजन ने की। रशिम रंजन 'काठमांडू कलिंग साहित्य महोत्सव' (केएलएफ) की अध्यक्ष हैं। आयोजकों ने कहा, ''दो दिवसीय महोत्सव नेपाल, भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों के लगभग 200 लेखकों को एक साथ लाता है और साहित्यिक और सांस्कृतिक परंपराओं के समृद्ध आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है। वक्ताओं में शामिल नेपाल में भारत के पूर्व राजदूत रंजीत राय ने एक चुनौतीपूर्ण अवधि के दौरान बतौर राजदूत अपने कार्यकाल को रेखांकित किया जिसका उनकी पुस्तक 'काठमांडू डिलेमा : रिसेटिंग भारत-नेपाल टाइज' में भी वर्णन है।





# इस दिन घूम मचाएगा रजनीकांत की 'वेट्टैयन' का पहला गाना...

**मुंबई।** सुपरस्टार रजनीकांत की 'वेट्टैयन' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के लिए सुपरस्टार ने निर्देशक टीजे ज्ञानवेल के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म की शूटिंग रजनीकांत पहले ही खत्म कर चुके हैं, जिसकी जानकारी उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए दी थी। साथ ही हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज की तारीख का भी खुलासा कर दिया था। वहीं, अब फिल्म से जुड़ी एक और दिलचस्प जानकारी सामने आई है, जो प्रशंसकों का उत्साह बढ़ा देगी। अब 'वेट्टैयन' के निर्माताओं ने फिल्म के पहले गाने के बारे में अपडेट साझा किया है।



## लाइफ Style

# आलिया
## दिखा जबरदस्त एक्शन अवतार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' जैसी सुपरहिट फिल्म में काम करने के बाद अब एक्ट्रेस आलिया भट्ट 'जिगरा' में दिखाई देने वाली हैं। इस मूवी का उनके फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। अभी तक रोमांस, कॉमेडी जैसी कई फिल्में करने वाली एक्ट्रेस का इस मूवी में पहली बार एक्शन अवतार देखने को मिलने वाला है।

कुछ दिनों पहले फिल्म का पोस्टर जारी किया गया था, जिसे लोगों ने काफी प्यार दिया। अब इसके मेकर्स ने दर्शकों की एक्साइटमेंट को बढ़ाते हुए आज 8 सितंबर को फिल्म का टीजर-ट्रेलर भी जारी कर दिया है। इस मूवी में आलिया के साथ अभिनेता वेदांग रैना भी दिखाई देने वाले हैं। वेदांग मूवी में एक्ट्रेस के भाई का किरदार निभा रहे हैं। वसन बाला के निर्देशन में बनी फिल्म 'जिगरा' का टीजर-ट्रेलर एक्शन से भरा हुआ है। इस फिल्म की कहानी भाई-बहन के रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती हुई दिखाई देने वाली है, जिसमें दर्शकों को देखने को मिलेगा कि कैसे एक बहन अपने भाई को बचाने के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार है। हालांकि, उसके लिए यह सफर बिल्कुल भी आसान नहीं होने वाला है। ट्रेलर की शुरुआत में देखने को मिलता है कि सत्या (आलिया भट्ट) किसी से अपनी लाइफ के बारे में बात करते हुए नजर आ रही हैं। वह कहती हैं कि भगवान मेरी मां को ले गए। पिता ने खुद की जान ले ली। दूर के रिश्तेदारों ने हमें पनाह दी और फिर हमने इसके लिए भारी किराया वसूल लिया। इसके बाद आलिया कहती हैं कि छोड़ो न भाटिया साहब कहानी बहुत लंबी है और मेरे भाई के पास वक्त बहुत-बहुत कम है।

## हॉलीवुड मसाला



# पॉप स्टार व खिलाड़ी का दिखेगा रोमांस

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट को हाल ही में, अपने प्रेमी ट्रैविस केल्स के मैच के दौरान उनका हौसला बढ़ाते हुए देखा गया। ट्रैविस केल्से एक फुटबॉल खिलाड़ी हैं, जो कैनसस सिटी चीफ्स की ओर से खेलते हैं। उनकी टीम ने बाल्टीमोर रेवेन्स को मात दी है। दोनों का रिश्ता काफी चर्चा में हैं और इसी बीच खबर आ रही है कि दोनों के रिश्ते से प्रेरित होकर एक फिल्म भी बनाई जा रही है। टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस ने पहली दफा अपने अफेयर की पुष्टि अक्टूबर 2023 में की थी। दोनों को साथ आए एक साल होने वाला है।



# जेनिफर की 'अनस्टॉपेबल' का हुआ प्रीमियर...

**लॉस एंजिल्स।** जेनिफर लोपेज की नई फिल्म अनस्टॉपेबल का हाल ही में, टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में वर्ल्ड प्रीमियर हुआ। इसका निर्माण बेन एफ्लेक ने किया है, जिनसे जेनिफर ने तलाक की अर्जी दाखिल कर रखी है। फिल्म के निर्देशक ने दोनों को लेकर अपनी राय साझा की है। जेनिफर लोपेज अपनी नई फिल्म अनस्टॉपेबल को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में, अनस्टॉपेबल का टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में वर्ल्ड प्रीमियर हुआ। इस फिल्म का निर्देशन विलियम गोल्डनबर्ग ने किया है और बेन एफ्लेक इसके सह-निर्माता हैं। जेनिफर अपने तलाक की वजह से भी कई दिनों से चर्चा में हैं। अनस्टॉपेबल के निर्देशक ने फिल्म के साथ-साथ जेनिफर और बेन से अपने रिश्ते को लेकर कुछ बातें साझा की है।

## चक्रधर समारोह के दूसरे दिन अद्भुत प्रस्तुति

# पूर्णाश्री के ओडिसी नृत्य ने समारोह में बांधा समां, दर्शक हुए मुग्ध

**रायगढ़।** शहर के दस दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव चक्रधर समारोह के दूसरे दिन रविवार को ओडिसी नृत्यांगना श्रीमती पूर्णाश्री राउत के ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति हुई। नृत्यांगना ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके नृत्य ने समारोह को एक नए आयाम पर पहुंचा दिया और दर्शकों ने उनकी वाहवाही की। ओडिसी नृत्यांगना श्रीमती पूर्णाश्री राउत ने अपने नृत्य में पारंपरिक ओडिसी शैली का अद्भुत प्रदर्शन किया। दर्शकों को अपने नृत्य की भावना और अभिव्यक्ति से बांध लिया। उनके नृत्य की भावना और अभिव्यक्ति ने समारोह में मौजूद कला रसिकों ने बहुत प्रभावित किया। 8 सितंबर को समारोह में ओडिसी नृत्यांगना श्रीमती पूर्णाश्री राउत के अलावा रायगढ़ के स्थानीय कलाकारों व दिल्ली तथा कोलकाता के कलाकारों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों को मनोरंजन किया।




### प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

पूर्णाश्री राउत को आयोजक इकाई जिला प्रशासन के प्रमुख जिलाधिकारी और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायगढ़ राजपरिवार के सदस्य तथा राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।



## टीवी मसाला

# इन सितारों ने भी चलते शो को बीच में कहा अलविदा...

*मुंबई। हिंदी टेलीविजन सीरियल्स सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। जब दर्शकों को किसी शो की कहानी पसंद आती है तो वह न सिर्फ उसे अपना प्यार देते हैं, बल्कि उसके कलाकारों को भी अपना मान लेते हैं। वहीं, जब ये सितारे अचानक से शो से बाहर हो जाते हैं, तो इससे दर्शकों को तगड़ा झटका लगता है। हाल ही में टीआरपी की रेस में अधिकतर नंबर वन पर रहने वाले सीरियल 'अनुपमा' से वनराज का किरदार निभाने वाले कलाकार सुधांशु पांडे ने विदा ले ली। इससे उनके चाहनेवालों को तगड़ा झटका लगा। हालांकि, सिर्फ सुधांशु ही नहीं पहले भी कई ऐसे सितारे रहे हैं जिन्होंने चर्चित शो को बीच में ही छोड़ दिया। आइए इन कलाकारों की सूची पर गौर फरमा लेते हैं-*



सुधांशु पांडे ने बीते दिन शो 'अनुपमा' से विदा लेने की खबर साझा कर हर किसी का दिल तोड़ दिया। अभिनेता ने लाइव सेशन के दौरान कहा, 'मैं आप सभी को भारी मन से बताना चाहता हूं कि मैं अब अनुपमा शो का हिस्सा नहीं हूं। रक्षा बंधन एपिसोड से मैं शो में काम नहीं कर रहा हूं। इस बात को इतने दिन बीत गए हैं, मैंने सोचा कि कहीं मेरी ऑडियंस मुझसे नाराज न हो, इसलिए मैंने सोचा कि मेरी जिम्मेदारी बनती है कि मैं यह सब आपको खुद बताऊं। मैं कई नए किरदार निभाऊंगा, एक ही भूमिका में आपको बोर नहीं करूंगा। कृपया भविष्य में भी मेरा समर्थन करते रहें।'



चारू असोपा ने 'कैसा है ये रिश्ता अंजाना' से बाहर होने की घोषणा कर सबको चौंका दिया था। उन्होंने खुलासा किया था कि वह अपनी बेटी को अधिक समय देना चाहती हैं और टीवी से ब्रेक लेना चाहती हैं। चारू ने कहा था, 'इन परिस्थितियों ने मुझे एहसास कराया कि घर पर मेरी जरूरत है। मैं समझ गई हूं कि जियाना की देखभाल के साथ-साथ मैं डेली सोप का प्रबंध नहीं कर सकती। मैं उसके विकास के हर पहलू की निगरानी करना चाहती हूं। ये उसके प्रारंभिक वर्ष हैं और मजबूत मूल्यों को स्थापित करने के लिए मुझे वहां रहने की जरूरत है। मुझे डेली सोप से ब्रेक लेना होगा क्योंकि उन्हें कम से कम 14 घंटे की जरूरत होती है।'



हिना खान को 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में अक्षरा के यादगार किरदार के लिए सराहा गया है। यह कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात थी जब उन्होंने लगभग 8 साल बाद शो छोड़ने का फैसला किया। शो के लीप से प्रभावित होकर उनका जाना विवादास्पद था। इसके बाद, वह 'बिग बॉस' और बाद में 'खतरों के खिलाड़ी' शो में नजर आई थीं। ऐश्वर्या शर्मा ने शो 'गुम है किसी के प्यार में' में पाखी का किरदार निभाया था। वहीं, उन्होंने शो छोड़ने के बाद खूब सुर्खियां बटोरीं। शुरुआत में विलेन के रूप में चित्रित किया गया, उनका किरदार लीप के बाद सकारात्मक रूप में विकसित हुआ, जिससे उन्हें महत्वपूर्ण प्रशंसा मिली। हालांकि, ऐश्वर्या ने नए किरदार और नए अवसर को तलाशने की इच्छा व्यक्त की। बाद में वह 'खतरों के खिलाड़ी' और 'बिग बॉस 17' में नजर आईं।



'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में दया बेन के कभी न भूलने वाले किरदार के लिए मशहूर दिशा ने दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी है। अभिनेत्री 2017 में मैटरनिटी लीव पर गईं और दुर्भाग्य से उसके बाद वापसी नहीं की। फैंस उनकी वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उनकी वापसी को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# बॉक्स ऑफिस पर नहीं थम रहा सरकटे का आतंक...

**नई दिल्ली।** राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' (Stree 2) का बॉक्स ऑफिस पर जलवा बरकरार है। वैसे चौथे हफ्ते कमाई में गिरावट आई है, लेकिन अभी भी फिल्म मजबूती के साथ बॉक्स ऑफिस पर टिकी हुई है। तीसरे हफ्ते ही फिल्म ने 500 करोड़ क्लब में एंट्री मार दी थी। जानिए पिछले 24 दिनों में श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म ने कितना बिजनेस कर लिया है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक, श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की 'स्त्री 2' ने चौथे हफ्ते के शुक्रवार को 8.84 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था, वहीं, 25वें दिन यानी चौथे शनिवार को फिल्म की कमाई में 81.20 फीसदी का उछाल आया है। इस तरह फिल्म ने पिछले 24 दिनों में 540 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है।



### 'पठान' का रिकॉर्ड तोड़ेगी 'स्त्री 2'

आज यानी चौथे रविवार को 'स्त्री 2' फिल्म शाहरुख खान की 'पठान' की कमाई का रिकॉर्ड तोड़ देगी। पिछले साल रिलीज हुई 'पठान' ने देशभर में 543.05 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था। 'स्त्री 2' ने पहले हफ्ते 307.80 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था। दूसरे हफ्ते 145.80 करोड़ और तीसरे हफ्ते फिल्म की 72.83 करोड़ रुपये की कमाई हुई है।




*मुंबई। लोकप्रियता के मामले में भोजपुरी अभिनेत्रियां किसी से कम नहीं। बॉलीवुड और साउथ एक्ट्रेस की तरह ही क्षेत्रीय सिनेमा की इन अभिनेत्रियों का फैन बेस है। सोशल मीडिया पर भी ये खूब चर्चा में रहती हैं। यही वजह है कि नेटवर्थ के मामले में भी भोजपुरी एक्ट्रेस करोड़ों की मालकिन हैं। आइए जानते हैं किसके पास कितनी संपति है...*

# रईसी में किसी से कम नहीं ये भोजपुरी एक्ट्रेस, इतनी संपत्ति की हैं मालकिन...

*मोनालिसा भोजपुरी सिनेमा की चर्चित अभिनेत्री हैं। वह न सिर्फ भोजपुरी, बल्कि हिंदी सिनेमा और टेलीविजन जगत में भी सक्रिय हैं। रईसी के मामले में वह किसी से कम नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मोनालिसा की नेटवर्थ करीब 40 करोड़ रुपये है।*

*अक्षरा सिंह को भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन कहा जाता है। अक्षरा सिंह अपने अभिनय से तो फैंस के बीच लोकप्रिय हैं हीं, साथ ही सिंगिंग से भी दिल जीत लेती हैं। उन्होंने कई हिट गाने गाए हैं। एक्टिंग और सिंगिंग से उनकी काफी अच्छी इनकम होती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षरा सिंह के पास करीब 50 से 60 करोड़ रुपये नेट वर्थ है।*



*रानी चटर्जी अपने अभिनय के साथ-साथ फिटनेस के लिए भी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। उम्र के इस पड़ाव पर भी वे उनकी फिटनेस देखने लायक है। एक्ट्रेस नियमित रूप से कसरत करती हैं और सोशल मीडिया पर फैंस के साथ झलकियां साझा करती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्टेस रानी चटर्जी की नेटवर्थ 7 करोड़ रुपये से अधिक है।*

**Home First Finance Company India Limited**
homefirst We'll take you home
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

### धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस

आप, नीचे उल्लिखित ऋणधारकों ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति को बंधक रखकर ऋण लिया है और आप, नीचे उल्लिखित ऋणधारक ऋण समझौते के लिए ऋणधारक/सह-ऋणधारक जमानतदार के रूप में खड़े हैं। आपके द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, आपके ऋण खाते को वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत 03-09-2024 को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ने आपके द्वारा दिए गए पते पर सरफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के साथ धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस 03-09-2024 को जारी किए गए हैं और इन नोटिसों में कहा गया है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। इसलिए, वर्तमान प्रकाशन सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के प्रावधान और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधान के अनुसार नोटिस देने के लिए किया गया है:

| क्र. सं. | खाते, ऋणधारक (ओं) व जमानतदार (ओं) का नाम और पता | लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण | मांग नोटिस की तिथि तक कुल बकाया राशि तथा अतिरिक्त ब्याज और अन्य व्यय (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | पवन कुमार निषाद, ममता निषाद | प्लॉट-ख.नं.-163/26, ख.नं.-163/26, प.ह.नं.-98/24, धनेली, धरसीवा-2, रायपुर, ख.नं. 163/26, प.ह.नं.107/23, ग्राम-धनेली, रा.नि.मं.-धरसीवां, तहसील/जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001. चौहद्दी: उत्तर-शैल कुमारी शर्मा का प्लॉट, दक्षिण-असलम का प्लॉट, पूर्व-खेलू निषाद का प्लॉट, पश्चिम-धरसा रोड। | 561,598 |
| 2 | नकुल कुमार साहू, पार्वती बाई साहू | फ्लैट-प.ह.नं. 107/50, ख.नं. 462/49, नकुल पी.सी., ख.नं. 462/49, ख.नं. 462/49 प.ह.नं. 107/50 रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492011 चौहद्दी: उत्तर-रुक्मणी खिलवार की संपत्ति, दक्षिण - तुलसी शाह का मकान, पूर्व -पाकलू शाह की संपत्ति, पश्चिम - सड़क। | 639,042 |
| 3 | राकेश साह,मुन्नी देवी | फ्लैट-प.ह.नं. 108/40, नया खं.नं. 205/59, पुराना खसरा नं. 205/1 एवं 206/1, प.ह.नं. 108/40, नया खं.नं.-205/59, पुराना खसरा नं. 205/1 एवं 206/1 का भाग, प.ह. नं. 108/40, मौजा- उरकुरा, संत कबीर वार्ड नं. 17, रा.नि.मं./तहसील/जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़, 492003, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001 चौहद्दी: उत्तर- पूनम ठाकुर का प्लॉट, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व - गुमास्ता जी का प्लॉट, पश्चिम - सड़क। | 984,233 |
| 4 | देवप्रकाश चौहान, बाबूलाल चौहान, सुनीता चौहान | फ्लैट-प.ह. नं.-107/51, खं.नं. 90/6 भाग, नया खं. नं. 90/20, डायवर्टेड खं. नं. 90/6 भाग, ख. नं. 107/51, मौजा/ग्राम-कोटा, राम कृष्ण परमहंस वार्ड नं. 02, रा.नि.मं./तहसील/जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001 चौहद्दी: उत्तर - सतीश कुमार देवांगन, दक्षिण- तिवाशी का मकान, पूर्व- रंजीत जयचंद प्लॉट, पश्चिम - सड़क। | 1,286,203 |
| 5 | अरविंद कुमार डहरिया, पार्वती मेहरा | फ्लैट-प.ह. नं. 05/61, ख. नं. 566/15, अरविंद एचएल, ग्राम- अमलेश्वर, प.ह. नं. 05/61, ख. नं. 566/15 का भाग, रा.नि.मं.- भिलाई 03, तहसील-पाटन, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, रायपुर, छत्तीसगढ़, 491111 चौहद्दी: उत्तर- चिंटू देवांगन का प्लॉट, दक्षिण - जय प्रकाश देवांगन का प्लॉट, पूर्व-वर्मा का मकान, पश्चिम-सड़क। | 1,354,029 |

आपसे अनुरोध है कि आप इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को उपरोक्त राशि ब्याज और लागत के साथ चुकाएं, अन्यथा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ऋणधारकों, बंधककर्ताओं और जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने सहित सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई करेगी। उक्त अधिनियम के तहत होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को उपलब्ध शक्तियों में शामिल हैं-(1) ऋणधारकों/जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों को कब्जे में लेने की शक्ति जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को जारी करने के लिए पट्टे, बिक्री के असाइनमेंट के माध्यम से हस्तांतरण के अधिकार शामिल हैं (2) पट्टे, असाइनमेंट या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के अधिकारों सहित सुरक्षित संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेना और सुरक्षित संपत्तियों को प्राप्त करना।

उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड की पूर्व सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा (आपके व्यवसाय के सामान्य क्रम के अलावा) किसी भी सुरक्षित संपत्ति को होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान: रायपुर
दिनांक: 09-09-2024

द्वारा हस्ताक्षरित: प्राधिकृत अधिकारी
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

## जैकेट के शेष

### बंगाल ने बिगाड़ा सीमेंट ....

में इजाफा नहीं हो पा रहा था। अब बंगाल के साथ उप्र, बिहार से डिमांड आने लगी तो सीमेंट कंपनियों को मौका मिल गया और सीमेंट की कीमत में इजाफा कर दिया गया है। जो सीमेंट इस माह के पहले 260 रुपए था, उसकी कीमत 310 रुपए कर दी गई है।

### बलौदाबाजार और उपरवारा .....

घूमने निकले थे और एक घर के नीचे बैठकर मनोरंजन के लिए ताशपत्ती खेलने में लगे हुए थे। इसी दौरान वर्षा शुरू हो पर बारिश बंद हो जाने का इंतजार करते झाड़ के नीचे खडे थे, तभी अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली झाड़ पर आ गिरी। जिसकी चपेट में आकर ग्राम मोहतरा निवासी छह युवकों तथा ग्राम रसेड़ी निवासी एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से झुलसकर घायल चार अन्य लोगों को तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाकर भर्ती किया गया।
**मृतकों के नाम** : मुकेश पिता राजन (20) निवासी मोहतरा, टंकार पिता हेमलाल साहु (20), निवासी मोहतरा, संतोष पिता महेश साहू (40), निवासी मोहतरा, थानेश्वर पिता दाउराम साहू (18), निवासी मोहतरा, पोखराज पिता दुखु विश्वकर्मा (38), निवासी मोहतरा, देव पिता गोपाल दास (22), निवासी मोहतरा, विजय पिता तिलक साहू (23), निवासी ग्राम रसेड़ी,

### सीएम साय ने ...

प्रशासन को बेहतर इलाज की व्यवस्था करने और अन्य आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिजनों के साथ है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### पीएम 15 को ....

को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाएंगे। इसमें दुर्ग से विशाखापट्टनम के बीच वंदे भारत ट्रेन भी शामिल है। हरिभूमि ने 7 सितंबर के अंक में दूसरी वंदे भारत को लेकर खबर प्रकाशित की थी। अभी तक दुर्ग-विशाखापट्टनम वाल्टेयर एक्सप्रेस ही एक ट्रेन थी, जो सीधे विशाखापट्टनम जाती थी, वहीं वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू होने के बाद अब लोगों को दुर्ग से विशाखापट्टनम के लिए एक और नई ट्रेन मिल जाएगी। यह ट्रेन दुर्ग से रायपुर रेलवे स्टेशन, लखोली, महासमुंद, खरियार रोड, कांटाभांजी, टिटलागढ़, सिंगापुर-रोड, रायगड़ा, पार्वतीपुरम और विजयानगरम रेलवे स्टेशन पर रुकते हुए विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।
**देश को मिलेंगी 10 नई वंदे भारत** : पीएम श्री मोदी टाटानगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस, वाराणसी-देवघर वंदे भारत एक्सप्रेस, टाटानगर-ब्रह्मपुर और रांची-गोड्डा, आगरा-बनारस, हावड़ा-गया, हावड़ा-भागलपुर, दुर्ग-वीएसकेपी, हुबली-सिकंदराबाद, पुणे-नागपुर रूट के लिए हरी झंडी दिखाएंगे। 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत ट्रेन सेवा की शुरुआत की थी, यह ट्रेन बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर रुट पर चलने वाली पहली और देश की छठवीं वंदे भारत एक्सप्रेस थी।

### एक दिन में ...

किलोमीटर की दूरी तय कर रात 11.50 बजे दुर्ग स्टेशन पहुंचेगी। विशाखापट्टनम के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू होने से दुर्ग से विशाखापट्टनम जाने के लिए दूसरी सीधी ट्रेन मिलेगी। इन दिनों दुर्ग-विशाखापट्टनम वाल्टेयर एक्सप्रेस चल रही है। यह ट्रेन 48 स्टेशनों पर रुकती है। इसमें करीब 16 घंटे का सफर होता है। इस तरह वंदे भारत एक्सप्रेस में लगभग आधे समय में यानी 300 किलोमीटर की दूरी महज 8.30 घंटे में तय कर सकेंगे और उसी दिन काम पूरा करके वापस लौट भी लौट सकेंगे। इस ट्रेन के टिकट नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस की तर्ज पर होंगे, जो यात्रियों को सुलभ और किफायती सफर का अनुभव प्रदान करेंगे।

### ऋषभ की वापसी, पहला ...

बाद टेस्ट टीम में वापसी की। विराट कोहली की भी टेस्ट टीम में वापसी हो गई है जो इस साल की शुरुआत में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाये थे। मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ 2022 में 22 से 25 दिसंबर तक खेलने के बाद कुछ दिनों बाद 30 दिसंबर को पंत एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे और इस साल आईपीएल में ही शीर्ष स्तर के क्रिकेट में उनकी वापसी हुई।

### 1600 साल पुराने ....

सुध नहीं ली है, इसलिए इसकी कमान स्थानीय युवाओं ने संभाल ली है। उनका कहना है कि पुरातत्व विभाग ने पर्व को देखते हुए भी यहां कोई संतोषजनक व्यवस्था नहीं की थी, जिसके कारण उन्होंने यहां की साज सज्जा व अन्य व्यवस्था की जिम्मेदारी उठाई है। बारसूर में छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी युगल गणेश प्रतिमा स्थापित है। बलुआ पत्थर से निर्मित दक्षिणमुखी युगल गणेश जी को छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े गणेश का स्थान प्राप्त है। इन विशाल प्रतिमाओं से देश-विदेश में छत्तीसगढ़ का मान बढ़ा है। वर्ष भर श्रद्धालु बारसूर आते रहते हैं, लेकिन पर्यटकों के लिए परिसर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। नगर के युवाओं द्वारा कई बार पुरातत्व विभाग एवं शासन-प्रशासन से तीन दिवसीय महोत्सव की मांग की गई, किन्तु निराशा ही हाथ लगी। स्थानीय युवा ग्राम के सहयोग से परिसर के बाहर साज-सज्जा, विद्युत, स्वागत द्वार पेयजल, पार्किंग की व्यवस्था करने लगे हैं। इससे बाहर से आने वाले पर्यटकों, श्रद्धालुओं को कुछ लाभ मिला है।
**पुरातत्व विभाग से संरक्षित** : विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि पुरातत्व विभाग से पत्राचार कर युगल गणेश की प्रतिमाओं को संरक्षित करने को कहा जाएगा। पुरातत्व विभाग से संरक्षित होने के कारण इनमें शासन-प्रशासन कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकता है।

### ग्यारह दिनों तक ....

नवमीं के दिन दंतेवाड़ा जिले के समस्त श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। शिवानंद आश्रम गुमरगुण्डा, गायत्री परिवार, पतंजलि परिवार के माध्यम से जिले से श्रद्धालु महाआरती में सम्मिलित होंगे एवं प्रतिवर्ष आयोजन को और भव्य स्वरूप दिया जाएगा।

### दक्षिणमुखी युगल ....

है। इसी प्रकार छोटी प्रतिमा पांच फुट ऊंची व दो फुट चौड़ी है। एक ही विशाल बलुवा चट्टान से दोनों प्रतिमाओं का निर्माण किया गया है।

## पेज एक के शेष

### पैरालंपिक में टूटे...

अधिकांश स्थापित नाम उम्मीदों पर खरे उतरे और कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने ही रिकॉर्ड तोड़ 29 पदक जीतकर बड़े मंच पर अपनी जगह बनाई। भारत ने कुल 29 पदक जीते जिसमें से सात स्वर्ण हैं जो देश के लिए पहली बार हुआ है। भारत ने 2016 के चरण में ही अपनी उपस्थिति दर्ज करानी शुरू की थी जिसमें देश के पैरा एथलीट चार पदक जीत सके थे। इसके बाद उनका प्रदर्शन शानदार होता चला गया जिससे तोक्यो में पैरा खिलाड़ियों ने 19 पदक जीते। पांच खेलों में कुल 29 पदकों से केवल ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धा में ही 17 पदक मिले जिसने सुनिश्चित किया कि देश इन खेलों में शीर्ष 20 में शामिल रहा।

### पूजा के बाद रडार...

व्यवस्था की बागडोर होती है। ऐसे में धांधली या गलत तरीके से सरकारी विभागों के बड़े ओहदों पर चयन होना, वाकई में चिंताजनक है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को तत्काल प्रभाव से भारतीय प्रशासनिक सेवा से मुक्त कर दिया है। सरकार ने परीक्षा में ओबीसी और कोटे के दुरुपयोग करने के आरोप में पूजा खेडकर के खिलाफ यह कार्रवाई की। इससे पहले संघ लोक सेवा आयोग ने 31 जुलाई को उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी थी, साथ ही उन्हें भविष्य की परीक्षाओं से वंचित किया गया है।

### फैक्ट्री में टूटकर गिरा...

शव बाहर निकाले गए जबकि दो मजदूरों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि कुछ अन्य मजदूरों को भी मामूली चोटें आई हैं। फिलहाल जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा घटना की जांच की जा रही है। बता दें कि लुंड्रा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिलसिला में मां कुदरगढ़ी एलुमिना फैक्ट्री संचालित है। इस फैक्ट्री में बाक्साइट से एल्युमिनियम निकालकर रिफाइन किया जाता है। फैक्ट्री में एमपी, बिहार, झारखंड समेत अन्य राज्यों के मजदूर आकर अलग अलग शिफ्ट में काम करते हैं। सोमवार की सुबह भी फैक्ट्री के 10 मजदूर बायलर के नीचे खड़े होकर काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक ही बायलर का हापर, बेल्ट, बंकर गिर गया। हापर के टूटने से उसके अंदर मौजूद 30 से 35 टन कोयला भी गिरा जिसके बाद हापर के मलबे और कोयले के नीचे पांच से अधिक मजदूर दब गए जबकि कुछ मजदूरों ने भागकर अपनी जान बचाई। हापर गिरने के बाद फैक्ट्री के बाकी मजदूरों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मजदूरों को बाहर निकालने का रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया।
**पांच घंटे बाद निकले दो शव** : घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने मजदूरों की मदद से हाइड्रा व जेसीबी लगाकर मलबा हटाने का काम शुरू किया गया और लगभग डेढ़ से दो घंटे बाद घटना स्थल से दो मजदूरों मध्यप्रदेश के मंडला बिछिया निवासी 22 वर्षीय प्रिंस ठाकुर आ. धनराज सिंह राजपूत, सागर सिंगपुर निवासी 35 वर्षीय मनोज सिंह राजपूत आ. मुलु सिंह राजपूत व घायल अनमोल को निकालकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने प्रिंस ठाकुर व मनोज सिंह को मृत घोषित कर दिया। प्रिंस के भाई अनमोल को मामूली चोट आई हैं। वहीं टीम द्वारा गैस कटर से लोहे का मलबा काटकर हटाया गया जिसके बाद दोपहर लगभग तीन बजे बिहार के गया फतेहपुर धरारा खुर्द निवासी 20 वर्षीय करणवीर मांझी आ. कारू मांझी का शव निकालकर अस्पताल भेजा गया। मृतक करणवीर बुरी तरह से कुचल गया था, पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बिहार के गया काथीडीह करियादपुर निवासी 30 वर्षीय रामेश्वर मांझी आ. जनक मांझी का शव बुरी हालत में निकाला गया।
**घायलों का उपचार जारी** : घटना की जानकारी मिलने के बाद नायब तहसीलद्र अंकिता तिवारी, लुंड्रा थाना प्रभारी शिशिर कान्त सिंह, रघुनाथपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह सहित पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की निगरानी में पूरा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। रेस्क्यू अभियान के दौरान घायल मंडला बिछिया निवासी 20 वर्षीय अनमोल आ. देवराज राजपूत, आकाश चंद्रवंशी व महिपाल को बाहर निकाला गया। इनमें से अनमोल के हाथ में चोट लगी है और उसे उपचार के लिए निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इसके साथ ही आकाश चंद्रवंशी का दाहिना हाथ व पैर टूट गया है। युवक का उपचार भी निजी अस्पताल में जारी है जबकि महिपाल को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बड़ी बात यह है कि घटनास्थल पर काम कर रहे मजदूर बिहार गया फतेहपुर निवासी 19 वर्षीय मुन्ना कुमार आ. गुलाम मांझी, महानपुर खुड़वा बैचक निवासी 35 वर्षीय सुरेश आ. महेंद्र मांझी व फतेहपुर धरारा खुर्द निवासी 19 वर्षीय राजेश आ. मनिरक मांझी बाल बाल बच गए।

### पाकिस्तान कश्मीर में...

जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को लोगों की परेशानी दूर करने और क्षेत्र को समृद्ध बनाने के लिए हटाया गया। उन्होंने कहा कि जब तक भाजपा सत्ता में है, यह अनुच्छेद बहाल नहीं किया जाएगा। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने अपने चुनावी घोषणापत्र में पाकिस्तान से बातचीत का आह्वान किया है। पार्टियों का नाम लिए बिना सिंह ने कहा, कुछ लोग चाहते हैं कि हम पाकिस्तान से बात करें। मैं उनसे कहना चाहता हूं...पाकिस्तान को आतंकवाद को समर्थन देना बंद करना होगा। सिंह ने रैली में कहा, कौन पड़ोसी देशों के साथ संबंध सुधारना नहीं चाहेगा? क्योंकि मैं इस वास्तविकता को जानता हूं कि आप अपने मित्र को बदल सकते हैं, लेकिन अपने पड़ोसी को नहीं। हम पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंध चाहते हैं, लेकिन सबसे पहले उन्हें आतंकवाद को रोकना होगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद कर देगा, तो भारत उसके साथ बातचीत शुरू करेगा। सिंह ने कहा, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की चपेट में आने वालों में 85 प्रतिशत मुसलमान थे। कश्मीर में आतंकवादी घटनाएं आम बात थी। क्या आतंकवादी घटनाओं में हिंदू मारे जा रहे थे? मैं गृह मंत्री रह चुका हूं और मुझे पता है कि आतंकवादी घटनाओं में सबसे अधिक मुसलमानों की जान गई।

## 5 मुस्लिम कैंडिडेट को टिकट, पूर्व डिप्टी सीएम का पत्ता कटा

# बीजेपी ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए जारी की छठी लिस्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की छठी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में कुल 10 उम्मीदवारों के नाम हैं जिसमें से पांच मुस्लिम उम्मीदवार हैं। पार्टी ने कठुआ विधानसभा सीट से डॉक्टर भरत भूषण को चुनावी मैदान में उतारा है। इस लिस्ट की खास बात ये है कि पार्टी ने इस नई सूची में वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को उनकी गांधी नगर सीट से टिकट नहीं दिया है। इस सीट पर बीजेपी ने विक्रम रंधावा को टिकट दिया है, जो परिसीमन के बाद अब बाहु के नाम से जाना जाती है। मुस्लिम उम्मीदवारों की बात करें तो करनाह से इदरीस करनाही, हंदवाडा से गुलाम मोहम्मद मीर, सोनावारी से अब्दुल रशीद खान, बांदीपोरा से नसीर अहम लोन, गुरेज से फकीर मोहम्मद खान को टिकट दिया है। वहीं अन्य उम्मीदवारों में आर. एस. पठानिया को ऊधमपुर पूर्व, कठुआ से डॉ. भरत भूषण , बिश्नाह से राजीव भगत, बाहु से विक्रम रंधावा और मढ़ से सुरिंद भगत को चुनावी मैदान में उतारा गया है।



### जम्मू और कश्मीर, किस रीजन में कितनी सीटें

जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में कुल 90 विधानसभा सीटें हैं। 47 सीटें कश्मीर और 43 सीटें जम्मू रीजन में हैं। परिसीमन से पहले की बात करें तो 2014 के चुनाव तक 87 सीटें हुआ करती थीं जिनमें 37 सीटें जम्मू और 46 सीटें कश्मीर में थीं. चार सीटें लद्दाख में भी थीं. राज्य के दर्जे में बदलाव के बाद लद्दाख अलग केंद्र शासित प्रदेश बन चुका है। इसके बाद हुए परिसीमन में जम्मू में छह, कश्मीर में एक सीट बढ़ी है।

### अमित शाह ने जारी किया था संकल्प पत्र

आपको बता दें कि शुक्रवार को ही भाजपा ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर अपना संकल्प पत्र जारी किया था। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया गया। उन्होंने कहा कि आजादी के समय से हमारी पार्टी के लिए जम्मू कश्मीर का भूभाग महत्वपूर्ण रहा है। हमने इसे जोड़े रखने के लिए अनेक प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि आर्टिकल 370 इतिहास बन चुकी है, ये कभी लौटकर नहीं आ सकती, क्योंकि यही वो विचारधारा थी जो युवाओं के हाथ में पत्थर थमाती थी। अमित शाह ने कहा कि बातचीत और बम धमाके एक साथ नहीं हो सकते। पाकिस्तान से बातचीत के पक्ष में नहीं. अमित शाह ने कहा कि मैंने पहले ही कहा है कि राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। इस पर कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।

## राहुल पहुंचे अमेरिका...



**टेक्सास।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी रविवार को तीन दिवसीय यात्रा के लिए अमेरिका पहुंचे। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा और भारतीय प्रवासियों ने हवाई अड्डे पर कांग्रेस सांसद का गर्मजोशी से स्वागत किया। राहुल गांधी ने दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए सार्थक चर्चा में शामिल होने की उम्मीद जताई है। इस यात्रा की जानकारी देते हुए राहुल गांधी ने लिखा, 'मैं इस यात्रा के दौरान हमारे दोनों देशों के बीच संबंध को और मजबूत करने के लिए चर्चाओं और महत्वपूर्ण बातचीत के लिए उत्सुक हूं।'

## हरियाणा : देवीलाल के पोते भाजपा छोड़कर इनेलो में शामिल

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल के पोते आदित्य देवीलाल रविवार को इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) में शामिल हो गए और उन्हें हरियाणा में 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए डबवाली से मैदान में उतारा गया है। आदित्य देवीलाल (46) सिरसा जिले के चौटाला गांव में इनेलो की रैली में पार्टी के वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। आदित्य देवीलाल ने हाल ही में हरियाणा विपणन बोर्ड के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके इनेलो में शामिल होने से भाजपा ने ऐसे समय सिरसा जिले में अपना प्रमुख चेहरा खो दिया है जब विधानसभा चुनाव होने में एक महीने से भी कम समय बचा है।

## बिहार में 'झोलाछाप' डॉक्टर का कारनामा

# यू ट्यूब से देखकर किया ऑपरेशन 15 साल के बच्चे की हो गई मौत

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार के सारण जिले में एक फर्जी डॉक्टर की लापरवाही से 15 साल के बच्चे की मौत हो गई। यह बच्चा 'फर्जी' डॉक्टर का मरीज था जिसका उन्होंने ऑपरेशन किया था। बच्चे की मौत के बाद अस्पताल से वह डॉक्टर फरार है। पूरा मामला सारण जिले के मढ़ौरा गांव का है। यहां एक व्यक्ति अपने 15 साल के बच्चे को एक नर्सिंग होम में लेकर आया था। नर्सिंग होम के डॉक्टरों ने उसका ऑपरेशन किया, जिसके बाद मरीज की जान चली गई। जानकारी के मुताबिक, कथित तौर पर नर्सिंग होम के उन कथित फर्जी डॉक्टरों ने बच्चे को पथरी की शिकायत बताई थी। बाद उन्होंने पित्ताशय में से पथरी को निकालने की बात कहकर ऑपरेशन कर दिया।

### बिना सहमति के किया ऑपरेशन!

दो दिन पहले मढ़ौरा थाने के भुवालपुर गांव के रहने वाले चंदन शाह ने अपने बेटे गोलू को शुक्रवार की रात को धर्मबागी बाजार स्थित गणपति सेवा सदन में चल रहे क्लीनिक में भर्ती कराया था। चंदन शाह का आरोप है कि उनके बेटे को उल्टी और पेट में दर्द की शिकायत उठी थी। परिवार के सदस्यों के अनुसार, यहां डॉक्टरों ने बिना सहमति के ही मोबाइल में देखकर ऑपरेशन शुरू कर दिया। जब परिवार ने इसका विरोध किया तो डॉक्टरों ने कहा कि डॉक्टर आप हैं या मैं?

### पुलिस को आरोपियों की तलाश

परिजनों का आरोप है कि सर्जरी के बाद ही उस बच्चे की हालत बिगड़ने लगी थी। इसके बाद हमने उसे पटना के एक अस्पताल में ले जाने का फैसला किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद डॉक्टर्स मौके से तुरंत भाग गए। परिजनों ने डॉक्टर्स के खिलाफ लापरवाही के कारण मौत का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अब क्लिनिक के कर्मचारियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है।

### नेकां नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा

# 'अमित शाह नेशनल कॉन्फ्रेंस से डरते हैं, इसलिए उसे बदनाम करते हैं'

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के बीच पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने अमित शाह पर निशाना साधा है। अब्दुल्ला ने कहा- शाह कहते हैं कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस सत्ता में आई तो आतंकवाद फिर से शुरू हो जाएगा। मैं उनसे पूछता हूं कि जब उन्होंने अनुच्छेद 370 को खत्म किया तो क्या आतंकवाद खत्म हो गया? अब्दुल्ला ने कहा- अमित शाह नेशनल कॉन्फ्रेंस से डरते हैं, इसलिए वे हर तरह से नेशनल कॉन्फ्रेंस को बदनाम करने की कोशिश करते हैं, लेकिन हम जीतेंगे। मैं उनसे बस इतना कहना चाहता हूं कि हम उस भारत के खिलाफ हैं, जो वे बनाना चाहते हैं।



भारत सबका है, हिंदू, मुस्लिम, सिख, बौद्ध, ईसाई सबका है। उन्होंने कहा- हम घुसपैठिए नहीं हैं, हम मंगलसूत्र नहीं छीनने जा रहे, जो वे मुसलमानों पर उंगली उठा रहे हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि मुसलमानों ने भी देश की आजादी के लिए अपनी जान कुर्बान की है। वे केवल हिंदुओं को डराने की कोशिश करते हैं, लेकिन अब हिंदू वह हिंदू नहीं हैं।


## कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन ) जिला - दुर्ग (छ.ग.)

### मुद्रण कार्य के लिए निविदा सूचना

क्रमांक 2291 दिनांक 05/09/2024

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला दुर्ग में पंचायतों के आगामी आम निर्वाचनों के लिए, विकासखण्डवार तैयार की गई फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के मुद्रण हेतु मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रूपये 100/- है) मेरे कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन), दुर्ग से किसी भी दिन, कार्यालयीन समय के दौरान प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं मेरे कार्यालय में दिनांक 07.10.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक प्राप्त की जाएंगी और उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी ।
2. फोटो युक्त निर्वाचक नामावली मुद्रण के लिए कागज सहित दर लेजर प्रिंट, डिजिटल प्रिंट के लिए मंगवाई जावेगी ।
3. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी मेरे कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन), दुर्ग से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है ।

कलेक्टर
वास्ते सचिव छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग
नवा रायपुर अटलनगर


G-242502312/1


## राशिफल



**मेष** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय की स्थिति में सुधार हो सकता है। लाभ में वृद्धि होगी।


**वृष** मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान रहेगा।


**मिथुन** खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिश्रम अधिक रहेगा। मन के नकारात्मक विचारों का प्रभाव रहेगा। आलस्य की अधिकता रहेगी।


**कर्क** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च अधिक रहेंगे।


**सिंह** मन प्रसन्न रहेगा। लेखन और बौद्धिक कार्यों में व्यस्त हो सकते हैं। आय में वृद्धि हो सकती है। मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है।परिश्रम की अधिकता रहेगी।


**कन्या** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। पारिवारिक सुख में कमी आएगी। भवन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।


**तुला** परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। बातचीत में भी संयत रहें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी।


**धनु** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन में असहज रहेंगे। कार्यों में सफलता मिलेगी। शिक्षा में व्यवधान आएंगे।


**मकर** किसी मित्र के सहयोग से पैतृक कारोबार की पुनः शुरुआत हो सकती है। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी।


**कुंभ** घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।


**मीन** शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। पारिवारिक सुख में कमी आ सकती है। ऐसे में धैर्य बनाकर रखें।


## वियतनाम में तूफान 'यागी' से 14 लोगों की मौत

**हनोई।** वियतनाम में तूफान 'यागी' के कारण देश के उत्तरी क्षेत्र में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई तथा 176 अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वियतनामी अधिकारियों द्वारा पिछले दशक में इस क्षेत्र में आए सबसे शक्तिशाली तूफानों में से एक माने जा रहे 'यागी' के कारण उत्तरी वियतनाम में 30 लाख से अधिक लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं। इससे कृषि भूमि को भी नुकसान पहुंचा है। चार हवाई अड्डों को बंद करने के बाद सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी गईं। तूफान ने शनिवार दोपहर को वियतनाम के उत्तरी तटीय प्रांतों क्वांग निन्ह और हैफोंग में 149 किलोमीटर प्रति घंटे (92 मील प्रति घंटे) की रफ्तार से दस्तक दी।

## वेस्ट बैंक-जॉर्डन सीमा पर तीन इजराइलियों की हत्या

**यरुशलम।** वेस्ट बैंक-जॉर्डन सीमा पर रविवार को तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। इजराइली अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि बंदूकधारी एक ट्रक पर सवार होकर जॉर्डन की ओर से एलेन्बी ब्रिज क्रॉसिंग पर आया तथा इजराइली सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सेना के अनुसार, जवाबी कार्रवाई में हमलावर भी ढेर हो गया। उसने बताया कि बंदूकधारी के हमले में मारे गए तीनों व्यक्ति इजराइली नागरिक थे। इजराइल की आपात बचाव सेवा मेगन डेविड एडम ने बताया कि मारे गए तीनों लोगों की उम्र 50 वर्ष के आसपास थी। अभी जॉर्डन ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है, जिसने 1994 में इजराइल के साथ शांति समझौता किया था।

## शब्द पहेली - 5627



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 5626 का हल



## सूडोकु नवताल 5638

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGA, SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5637 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# इस सप्ताह 13 कंपनियों के खुल रहे आईपीओ, 8 नए शेयरों की होगी लिस्टिंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में इन दिनों आईपीओ का रिकॉर्ड बन रहा है। इस महीने आईपीओ का 14 साल पुराना रिकॉर्ड टूटने वाला है। सिर्फ 9 सितंबर से शुरू हो रहे सप्ताह के दौरान ही शेयर बाजार में 13 आईपीओ खुलने जा रहे हैं। उनमें से 4 आईपीओ मेनबोर्ड पर खुल रहे हैं, जबकि बाकी के 9 आईपीओ एसएमई सेगमेंट में आ रहे हैं।

- चार आईपीओ मेनबोर्ड और 9 आईपीओ एसएमई सेगमेंट में खुल रहे

आईपीओ कैलेंडर के अनुसार, सप्ताह के दौरान खुलने वाले आईपीओ में सबसे प्रमुख नाम बजाज हाउसिंग फाइनेंस का है। यह आईपीओ 6,560 करोड़ रुपए का है। आईपीओ 9 सितंबर को खुलकर 11 सितंबर को बंद हो रहा है। प्राइस बैंड 66 से 70 रुपए का है। उसके अलावा सप्ताह के दौरान मेनबोर्ड पर 9-11 सितंबर के दौरान ही 500 करोड़ रुपए का क्रॉस आईपीओ और 230 करोड़ रुपए का टोलिन्स टायर्स आईपीओ भी खुल रहा है। मेनबोर्ड पर चौथा आईपीओ 1,100 करोड़ रुपए का है, जो पीएन गाडगिल ज्वेलर्स लेकर आ रही है।

## इस माह टूटने वाला है 14 साल पुराना आईपीओ का रिकॉर्ड

### एसएमई सेगमेंट में आईपीओ की कतार

एसएमई सेगमेंट में सप्ताह के दौरान 9 सितंबर को 45.88 करोड़ रुपए का आदित्य अल्ट्रा स्टील आईपीओ, 16.56 करोड़ रुपए का शुभश्री बायोफ्यूल्स एनर्जी आईपीओ, 24.06 करोड़ रुपए का शेयर समाधान आईपीओ, 20.65 करोड़ रुपए का गजानंद इंटरनेशनल आईपीओ खुल रहा है। उसके बाद 10 सितंबर को 44.87 करोड़ रुपए का ट्रैफिकसोल आईटीएस टेक्नोलॉजीज और 24.49 करोड़ रुपए का एसपीपी पॉलीमर आईपीओ खुलेगा। 11 सितंबर को 34.24 करोड़ रुपए का इनोमेट एडवांस्ड मटीरियल्स आईपीओ और 12.60 करोड़ रुपए का एक्सीलेंट वायर्स आईपीओ आएगा। 13 सितंबर को एनवायरोटेक सिस्टम्स का 30.24 करोड़ रुपए का आईपीओ खुलेगा।




### इन शेयरों की होगी लिस्टिंग

सप्ताह के दौरान जिन शेयरों की लिस्टिंग होने वाली है, उनमें मेनबोर्ड से गाला प्रीसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड, जीयम ग्लोबल फूड्स, नेचरविंग्स होलीडेज, नमो ईवेस्ट मैनेजमेंट, मैक कॉन्फ्रेंसेज एंड इवेंट्स लिमिटेड, श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग कंपनी, माय मुद्रा फिनकॉर्प और विजन इंफ्रा इक्विपमेंट सॉल्यूशंस के नाम शामिल हैं।

### पिछले सप्ताह आए ये आईपीओ

बाजार में 5 नए आईपीओ आए थे। पिछले सप्ताह के दौरान मेनबोर्ड पर सिर्फ एक ही आईपीओ आया था। वह आईपीओ गाला प्रीसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड का था। कंपनी 168 करोड़ रुपए का आईपीओ लेकर आई थी। उसके अलावा एसएमई सेगमेंट में जीयम ग्लोबल फूड्स, नेचरविंग्स होलीडेज, नमो ईवेस्ट मैनेजमेंट और मैक कॉन्फ्रेंसेज एंड इवेंट्स लिमिटेड के आईपीओ आए थे।

## खबर संक्षेप

### बीते सप्ताह कम आपूर्ति से तेल की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** बाजार में आयातित खाद्यतेलों की कम आपूर्ति की स्थिति के अलावा बारिश के मद्देनजर सोयाबीन, मूंगफली और बिनौला की बाजार में आवक में देरी के बीच बीते सप्ताह लगभग सभी तेल के दाम में सुधार आया। सोयाबीन से काफी मंहगा होने के कारण कम आयात के बीच कच्चा पामतेल के दाम पूर्वस्तर पर बने रहे।

### डीआईसीजीसी का जमाकर्ताओं के लिए 'दावा सूचक' पेश

Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation

**नई दिल्ली।** जमा बीमा एवं ऋण गारंटी निगम ने जमाकर्ताओं के दावे की स्थिति पर नजर रखने के लिए एक ऑनलाइन उपकरण 'दावा सूचक' की डीआईसीजीसी का काम विफल बैंकों के जमाकर्ताओं को बीमित राशि उपलब्ध कराने में मदद करना है। ऑनलाइन साधन 'दावा सूचक' की मदद से जमाकर्ताओं के लिए दी जाने वाली सेवाओं में सुधार होगा।

### पीक एक्सवी ने इंडिगो पेंट्स में बेची हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** उद्यम पूंजी कंपनी पीक एक्सवी पार्टनर्स ने खुले बाजार में लेनदेन के जरिये इंडिगो पेंट्स में 22 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,557 करोड़ रुपये में बेच दी। इन शेयरों को मॉर्गन स्टेनली, मर्सर और एचडीएफसी म्यूचुअल फंड जैसी कंपनियों ने खरीदा है। पीक एक्सवी पार्टनर्स-5 के जरिये इंडिगो पेंट्स के कुल 1.05 करोड़ शेयरों को बेच दिया।

### बाजार पूंजीकरण में रिलायंस को सबसे ज्यादा नुकसान




**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट के साथ देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह संयुक्त रूप से 2,01,699.77 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को हुआ। बीएसई सेंसेक्स 1,181.84 अंक यानी 1.43 प्रतिशत नुकसान में रहा।

### बैंक ऋण में गिरावट से निर्यातकों को नुकसान

FEDERATION OF INDIAN EXPORT ORGANISATIONS

**नई दिल्ली।** निर्यातकों को बैंक ऋण में गिरावट से क्षेत्र को नुकसान होगा और वे 11 सितंबर को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक के दौरान इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएंगे। निर्यातकों का शीर्ष निकाय फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) के एक अधिकारी ने रविवार को यह कहा।

### मॉर्गन स्टेनली आईएमआई में भारत ने चीन को पीछे छोड़ा




**नई दिल्ली।** मॉर्गन स्टेनली के एमएससीआई उभरते बाजार निवेश योग्य सूचकांक (एमएससीआई ईएम आईएमआई) में सितंबर, 2024 के दौरान भारत ने भारित मूल्य के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है। एमएससीआई ईएम आईएमआई में भारत का भार चीन के 21.58 प्रतिशत की तुलना में 22.27 प्रतिशत रहा। विश्लेषकों के अनुमान है कि एमएससीआई ईएम आईएमआई में हुए इस बदलाव के बाद भारतीय शेयर बाजार में लगभग 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर या 37,000 करोड़ रुपये का निवेश आ सकता है।

---

### वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आज से जीएसटी परिषद की बैठक

# जीएसटी परिषद बीमा प्रीमियम पर कराधान ऑनलाइन गेमिंग रिपोर्ट पर करेगी विचार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जीएसटी परिषद सोमवार को होने वाली बैठक में बीमा प्रीमियम पर कराधान, दरों को तर्कसंगत बनाने पर मंत्री समूह के सुझाव और ऑनलाइन गेमिंग पर स्थिति रिपोर्ट समेत अन्य मुद्दों पर विचार कर सकती है। सूत्रों ने कहा कि फिटमेंट समिति जीवन, स्वास्थ्य और पुनर्बीमा प्रीमियम पर लगाए जाने वाले जीएसटी और राजस्व प्रभाव पर एक रिपोर्ट पेश करेगी।

समिति में केंद्र और राज्य कर अधिकारी शामिल हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद इस बात पर फैसला करेगी कि स्वास्थ्य बीमा पर कर का बोझ मौजूदा 18 प्रतिशत से कम किया जाए या वरिष्ठ नागरिकों जैसे कुछ श्रेणियों के व्यक्तियों को छूट दी जाए। परिषद में राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं।

### स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी से 8262.94 करोड़ प्राप्त

जीवन बीमा प्रीमियम पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती के संबंध में भी विचार-विमर्श होने की संभावना है। केंद्र और राज्यों ने 2023-24 में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी के माध्यम से 8,262.94 करोड़ रुपये प्राप्त किए, जबकि स्वास्थ्य पुनर्बीमा प्रीमियम पर जीएसटी से 1,484.36 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई।

## बीमा प्रीमियम पर मंत्री समूह के सुझाव पर होगा विचार






- स्वास्थ्य बीमा पर कर का मौजूदा बोझ 18 फीसदी से कम किया जाए
- इसमें वरिष्ठ नागरिकों जैसे कुछ श्रेणियों के व्यक्तियों को छूट दी जाए

### एक अक्टूबर 2023 से गेमिंग पर लगा जीएसटी

ऑनलाइन गेमिंग के संबंध में केंद्र और राज्य कर अधिकारी जीएसटी परिषद के समक्ष 'स्थिति रिपोर्ट' पेश करेंगे। रिपोर्ट में एक अक्टूबर, 2023 से पहले और बाद में ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र से होने वाले जीएसटी राजस्व संग्रह की बात शामिल होगी। ऑनलाइन गेमिंग मंच और कसीनो पर एक अक्टूबर, 2023 से लगाये गये प्रवेश स्तर के दांव 28 प्रतिशत जीएसटी लग रहे हैं।

### वित्त मंत्रियों को जीएसटी परिषद में प्रस्ताव लाने कहा गया था

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा था कि जीएसटी प्राप्ति का 75 प्रतिशत राज्यों को जाता है और विपक्षी सदस्यों को अपने राज्य के वित्त मंत्रियों से जीएसटी परिषद में प्रस्ताव लाने के लिए कहना चाहिए। पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने पिछले महीने दर को युक्तिसंगत बनाने पर मंत्रियों के समूह (जीओएम) की बैठक में यह मुद्दा उठाया था और मामले को आगे के विश्लेषण के लिए फिटमेंट समिति को भेजा गया था।

### विदेशी गेमिंग मंचों के लिए पंजीकरण अनिवार्य

बाद में कराधान प्रावधान को स्पष्ट करने के लिए केंद्रीय जीएसटी कानून में संशोधन किया गया था। विदेशी गेमिंग मंचों के लिए भी जीएसटी अधिकारियों के पास पंजीकरण करना और करों का भुगतान करना अनिवार्य किया गया। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो सरकार वैसी साइट को ब्लॉक कर देगी।

### ऑनलाइन गेमिंग कराधान में बदलाव की संभावना नहीं

परिषद ने तब निर्णय लिया था कि इसके क्रियान्वयन के छह महीने बाद ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र पर कराधान की समीक्षा की जाएगी। सूत्रों ने कहा कि परिषद क्षेत्र पर कराधान की स्थिति पर विचार-विमर्श करेगी। इस मामले में कर दरों में किसी प्रकार के बदलाव की संभावना नहीं है।

### गेमिंग पर 28 फीसदी का जीएसटी

इससे पहले, कई ऑनलाइन गेमिंग कंपनियां 28 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान नहीं कर रही थीं, उनका यह तर्क था कि कौशल के खेल और किस्मत के खेल के लिए अलग-अलग कर दरें थीं। जीएसटी परिषद ने अगस्त, 2023 में अपनी बैठक में स्पष्ट किया था कि ऑनलाइन गेमिंग मंचों को 28 प्रतिशत कर का भुगतान करना होगा।

---

# बैंक एक महीने में युवा स्नातकों को 'अप्रेन्टिस' के रूप में करेंगे भर्ती

एजेंसी ⏭ मुंबई




- 25 वर्ष से कम आयु के स्नातकों पर होगा विचार
- बैंक ऐसे इन्टर्न को 5000 रुपए प्रतिमाह का मानदेय देगा

बैंक एक महीने में 25 वर्ष से कम आयु के स्नातकों को 'अप्रेन्टिस'' के रूप में भर्ती करने पर विचार कर रहे हैं। उद्योग लॉबी समूह भारतीय बैंक संघ के मुख्य कार्यकारी सुनील मेहता ने कहा कि बैंक ऐसे इन्टर्न को 5,000 रुपये प्रति माह का मानदेय देंगे, जिन्हें कार्यकाल के दौरान विशिष्ट कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

यह कदम वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की बजट घोषणा के बाद उठाया गया है, जिसके तहत सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में प्रशिक्षण (इंटर्नशिप) प्रदान करने का लक्ष्य रख रही है। योजना के क्रियान्वयन में बैंकों की भूमिका के बारे में बताते हुए मेहता ने कहा, ''ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां हमें कुशल जनशक्ति की आवश्यकता नहीं है, उदाहरण के लिए विपणन, रिकवरी। हम उन्हें उन क्षेत्रों में प्रशिक्षण दे सकते हैं और वे अपने लिए रोजगार सृजित कर सकते हैं।" मेहता ने कहा कि 'अप्रेन्टिस'' के लिए आवेदन करने वाले अभ्यार्थी की आयु 21-25 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह स्नातक होना चाहिए, करदाता नहीं होना चाहिए तथा उसके पास आईआईटी या आईआईएम जैसे शीर्ष संस्थानों से डिग्री नहीं होनी चाहिए।

### सभी बैंक इस पहल में भाग लेंगे

हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि बैंक कितने अप्रेन्टिस को नियुक्त करेंगे, लेकिन उन्होंने कहा कि सभी बैंक इस पहल में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि योजना के कार्यान्वयन के लिए सरकार का सहयोग भी मिलेगा।

---

# वैश्विक रुख तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- कच्चे तेल की कीमतों में पिछले कुछ दिनों से सुधार
- ब्रेंट क्रूड अब 73 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के करीब

मुद्रास्फीति जैसे वृहत आर्थिक आंकड़ें, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह कहा।

कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, कच्चे तेल की कीमतों में पिछले कुछ दिनों में सुधार देखा गया है और ब्रेंट क्रूड अब 73 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के करीब है। भारत में, निवेशक इस सप्ताह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति सहित अन्य वृहत आर्थिक आंकड़े जारी होने का इंतजार करेंगे।

निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती को लेकर आशावादी बने हुए हैं। उनकी नजर इस महीने होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक पर होगी। वृहत आर्थिक आंकड़ों के तहत जुलाई के लिए औद्योगिक उत्पादन और अगस्त के लिए मुद्रास्फीति आंकड़ों की घोषणा बृहस्पतिवार को की जाएगी। पिछले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स 1,181.84 अंक यानी 1.43 प्रतिशत टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 383.75 अंक यानी 1.52 प्रतिशत की गिरावट आई। शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,017.23 अंक यानी 1.24 प्रतिशत टूटकर 81,183.93 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 292.95 अंक यानी 1.17 प्रतिशत टूटकर 24,852.15 पर रहा।

### बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहेगा

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध, संपत्ति प्रबंधन मामलों के प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''हमारा अनुमान है कि निकट भविष्य में बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहेगा। निवेशकों की नजर वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की गतिविधियों और रुपये-डॉलर के रुख पर भी होगी।

---

# एफपीआई का पहले सप्ताह में शेयरों में 11,000 करोड़ रुपए का निवेश

- भारतीय बाजार में मजबूती से एफआईआई प्रभावित
- अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद चल रही

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विदेशी निवेशकों ने महीने के पहले सप्ताह में घरेलू शेयर बाजारों में करीब 11,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। भारतीय बाजार में मजबूती और अमेरिका में ब्याज दर में कटौती की उम्मीद के चलते एफपीआई का निवेश बढ़ा है।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक जून से लगातार इक्विटी खरीद रहे हैं। इससे पहले, उन्होंने अप्रैल-मई में 34,252 करोड़ रुपये की राशि निकाली थी। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि हाल ही में हुए निवेश आशाजनक हैं और भारत की मजबूत वृहद आर्थिक स्थिति से यह जारी रह सकता है। अमेरिकी ब्याज दर और भू-राजनीतिक परिदृश्य जैसे वैश्विक कारक प्रेरक शक्ति बने रहेंगे। आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने इस महीने (छह सितंबर तक) शेयरों में 10,978 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों के बाद धारणा में सुधार आने के बाद एफपीआई भारतीय इक्विटी बाजारों में निवेश कर रहे हैं।




*बांड बाजार में भी 7600 करोड़ से अधिक का निवेश : अगर आने वाले दिनों में अमेरिका की वृद्धि को लेकर चिंताओं का असर वैश्विक इक्विटी बाजारों पर पड़ता है, तो एफपीआई इस अवसर का उपयोग भारत में खरीदारी के लिए कर सकते हैं। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने इक्विटी के अलावा बॉन्ड बाजार में 7,600 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया।*

### श्रीराम फाइनेंस की विदेशों से एक अरब डॉलर जुटाने की योजना

**नई दिल्ली।** गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी श्रीराम फाइनेंस ने अपने कारोबार बढ़ाने के लिए अगले छह महीनों में विदेशों से एक अरब डॉलर (लगभग 8,300 करोड़ रुपये) जुटाने की योजना बनाई है।श्रीराम फाइनेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वाई एस चक्रवर्ती ने कहा, "हम अगले कुछ सप्ताह में, संभवतः अक्टूबर तक 30 करोड़ डॉलर जुटाने की योजना बना रहे हैं। शेष 50-70 करोड़ डॉलर चालू वित्त वर्ष की शेष अवधि में जुटाए जाएंगे।"कोष जुटाने में एशियाई विकास बैंक, केएफडब्ल्यू और यूनाइटेड स्टेट्स डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन (डीएफसी) जैसे विकास वित्तीय संस्थानों से ऋण भी शामिल होगा।

---

# घरेलू औषधि रसायन कारोबार में वृद्धि की उम्मीद : ग्लेनमार्क

- अगले दशक में सालाना 10 प्रतिशत तक वृद्धि की संभावना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स ने कहा है कि भारत में दवा में उपयोग होने वाले रसायन बाजार के अगले दशक में नौ से 10 प्रतिशत की संचयी सालाना वृद्धि होने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि इस दौरान जन औषधि केंद्र देश में बहुत मजबूत इकाई के रूप में उभर सकती हैं।

घरेलू औषधि रसायन बाजार का आकार दो लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जिसमें पिछले दो दशकों में सालाना 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुंबई स्थित दवा विनिर्माता ने 2023-24 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा, ''अनुमान है कि घरेलू औषधि रसायन बाजार अगले दशक में नौ से 10 प्रतिशत की संचयी वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) बनाए रखेगा।'यह अनुमान है कि ये जेनरिक खंड और जन औषधि केंद्र के विस्तार के साथ दस वर्षों में समग्र बाजार में इनकी 30 प्रतिशत हिस्सेदारी हो सकती है।

## अदाणी ने प्रबंधन सेवाएं देने चीन में कंपनी बनाई




**नई दिल्ली।** अदाणी समूह ने आपूर्ति श्रृंखला समाधान और परियोजना प्रबंधन सेवाएं देने के लिए चीन में एक अनुषंगी कंपनी बनाई है। समूह ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज ने कहा कि सिंगापुर स्थित उसकी अनुषंगी की अनुषंगी ने दो सितंबर, 2024 को चीन के शंघाई में स्थित एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी अदाणी एनर्जी रिसोर्सेज (शंघाई) कंपनी (एईआरसीएल) का गठन किया है। कंपनी ने, ''एईआरसीएल का गठन आपूर्ति श्रृंखला समाधान और परियोजना प्रबंधन सेवाएं देने का व्यवसाय करने के लिए किया गया है।' इस सहायक कंपनी को अदाणी ग्लोबल पीटीई (एजीपीटीई), सिंगापुर ने गठित किया है, जो अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की अनुषंगी की अनुषंगी कंपनी है। एईएल खनन, सड़क, हवाई अड्डे, डेटा सेंटर और जल अवसंरचना व्यवसाय से जुड़ी है।

---

## सन् 2022 में एयर इंडिया को टाटा समूह ने खरीदा था

# मुनाफे की राह पर लौटी एयर इंडिया, आधा रह गया घाटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टाटा ग्रुप के पास आते ही एयर इंडिया के दिन फिरने लगे हैं। कंपनी का घाटा आधे से भी कम रह गया है। टाटा संस की वित्तीय वर्ष 2024 वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक टाटा ग्रुप के एयरलाइन बिजनेस का घाटा पिछले वित्त वर्ष के 15,414 करोड़ रुपए से घटकर 6,337 करोड़ रुपए रह गया।

- साल 2024 में कंपनी का घाटा आधे से भी कम रह गया

इसमें एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, टाटा एसआईए एयरलाइंस (विस्तारा) और एआईएक्स कनेक्ट (एयरएशिया इंडिया) शामिल हैं। ग्रुप का डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक्स बिजनस 148 फीसदी बढ़कर 1,612 करोड़ रुपए हो गया जबकि शुद्ध घाटा 1,723 करोड़ रुपए से बढ़कर 2,223 करोड़ रुपए पहुंच गया। टाटा संस टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी है।

### टाटा संस का शुद्ध लाभ 57 फीसदी बढ़ा

टाटा संस की सालाना रिपोर्ट में कहा गया है कि टाटा डिजिटल के पोर्टफोलियो में वित्त वर्ष 2024 में 20.76 मिलियन लेन-देन करने वाले ग्राहक थे। इससे कुल ग्रॉस मर्केंडाइज वैल्यू 37,355 करोड़ रुपए रही। टाटा संस का शुद्ध लाभ 57 फीसदी बढ़कर 34,654 करोड़ रुपए हो गया जबकि राजस्व 25 फीसदी बढ़कर 43,893 करोड़ रुपए रहा। टाटा संस ने शेयरधारकों को 35,000 रुपए प्रति शेयर का अब तक का सबसे अधिक लाभांश भी दिया है। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को वित्त वर्ष 2024 में 135 करोड़ रुपए का पारिश्रमिक मिला, जो वित्त वर्ष 2023 के 113 करोड़ रुपए से लगभग 20 फीसदी अधिक है।



*एयरलाइन पर फोकस : एक टॉप डोमेस्टिक इनवेस्टमेंट फंड के प्रमुख ने बताया कि टाटा ग्रुप का फोकस एयरलाइन सेक्टर पर है। एविएशन और ई-कॉमर्स की चुनौतियों को प्रभावी रणनीति के साथ धीरे-धीरे दूर किया जाएगा। ये ऐसे क्षेत्र नहीं हैं जिनमें काम करना आसान है। लेकिन देश के राष्ट्र निर्माण में इनकी अहम भूमिका है और इसलिए टाटा के लिए इनमें आगे रहना जरूरी है। 2024 में अपने घाटे को वित्त वर्ष 2023 में 11,388 करोड़ रुपए से घटाकर 4,444 करोड़ रुपए कर दिया, कारोबार 23 फीसदी बढ़कर 38,812 करोड़ रुपए हो गया।*

### सात दशक बाद हुई घर वापसी

टाटा ग्रुप ने 2022 में एयर इंडिया को खरीदा था। कंपनी की करीब सात दशक बाद घर वापसी हुई थी। एयर इंडिया ने वित्तीय वर्ष 2024 में 51,365 करोड़ रुपए का अपना अब तक का सबसे अधिक कंसोलिडेटेड रेवेन्यू दर्ज किया। यह पिछले वर्ष की तुलना में 24 फीसदी अधिक है। कंपनी की उपलब्ध सीट किलोमीटर की क्षमता बढ़कर 105 अरब पहुंच गई और यात्री लोड फैक्टर भी सुधार के साथ 85 फीसदी हो गया। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का संचालन करने वाली इंटरग्लोब एविएशन ने वित्त वर्ष 2024 में 68,904 करोड़ रुपए का रेवेन्यू और 8,167 करोड़ रुपए का प्रॉफिट दर्ज किया। इस बारे में टाटा संस ने कोई टिप्पणी नहीं की।

### गॉडफ्रे फिलिप्स ने बीना मोदी को एमडी किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** सिगरेट बनाने वाली कंपनी गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया लिमिटेड के शेयरधारकों ने कंपनी के एमडी के रूप में बीना मोदी को फिर से नियुक्त करने के विशेष प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव 86.6 प्रतिशत मतों के बहुमत के साथ पारित हुआ। इसके अलावा, कंपनी के शेयरधारकों ने आवश्यक मतों के साथ उनकी बेटी चारु मोदी की नियुक्ति और उनके पारिश्रमिक को तय करने के लिए विशेष प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

चूंकि बीना मोदी का पारिश्रमिक पांच करोड़ रुपये या कंपनी के शुद्ध लाभ के 2.5 प्रतिशत की सीमा से अधिक है, इसलिए इसे मंजूरी देने के लिए एक विशेष प्रस्ताव पारित करने की जरूरत थी।

## खबर संक्षेप

### हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के एमक्यू-9 ड्रोन को उड़ाया



**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने देश की वायु सीमा में उड़ रहे अमेरिका के एक और एमक्यू-9 निगरानी ड्रोन को रविवार तड़के मार गिराने का दावा किया। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई के जवाब में अमेरिका ने हूती नियंत्रित इलाकों में हवाई हमले किए। वहीं, जानकारी के अनुसार यमन में अमेरिकी सैन्य ड्रोन को गिराए जाने के संबंध में कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। हूती विद्रोहियों ने अपने दावे के समर्थन में कोई तस्वीर या वीडियो जारी नहीं किया।

### 17 लाख से अधिक पौधे रोपे 10 हजार किसान लाभांवित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-ऑयलपाम के तहत आयोजित मेगा ऑयल पाम प्लांटेशन ड्राइव के तहत भारत के 15 राज्यों में 12,000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में 17 लाख से अधिक ऑयल पाम पौधे रोपे गए, जिससे 10,000 से अधिक किसान लाभान्वित हुए। 15 जुलाई, 2024 को शुरू किए गए इस अभियान ने ऑयल पाम की खेती के विस्तार में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसमें आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, केरल, ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा सहित कई राज्य शामिल हैं।

### दो दिवसीय दौरे पर विदेश मंत्री, गर्मजोशी से हुआ स्वागत

# एस जयशंकर रियाद में खाड़ी सहयोग परिषद के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे

एजेंसी ▶▶ रियाद

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को भारत-खाड़ी सहयोग परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए सऊदी अरब पहुंचे। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में प्रोटोकॉल मामलों के उप मंत्री अब्दुल मजीद अल स्मारी ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर का स्वागत किया। एस जयशंकर 8-9 सितंबर को सऊदी अरब की यात्रा पर रहेंगे। रियाद पहुंचने के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया पहली भारत खाड़ी सहयोग परिषद की बैठक में भाग लेने रियाद आया हूं।

गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए सऊदी अरब के प्रोटोकॉल मामलों के उप मंत्री का धन्यवाद। विदेश मंत्रालय ने बताया कि रियाद में विदेश मंत्री खाड़ी सहयोग परिषद के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के सदस्य देशों के बीच राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा सहयोग, सांस्कृतिक क्षेत्र में गहरे संबंध हैं। जीसीसी देशों में करीब 8.9 मिलियन भारतीय प्रवासी रहते हैं।

**दोनों देशों का दौरा भारत की विदेश नीति और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में बड़ी पहल माना जा रहा है।**

> रियाद पहुंचने के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया पहली बार भारत खाड़ी सहयोग परिषद की बैठक में भाग लेने रियाद आया हूं। गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए सऊदी अरब के प्रोटोकॉल मामलों के उप मंत्री का धन्यवाद।



यूएई में प्रोटोकॉल मामलों के उप मंत्री अब्दुल मजीद अल स्मारी से मुलाकात करते विदेश मंत्री एस जयशंकर।

12-13 को जेनेवा जाएंगे जयशंकर

### दोनों देशों के संबंधों को लेकर बात करेंगे

*इसके बाद वह 12-13 सितंबर को अपनी आधिकारिक यात्रा पर स्विट्जरलैंड के जेनेवा जाएंगे। यहां वह अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों और प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा वह स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्री से मिलकर दोनों देशों के संबंधों को लेकर बात करेंगे। विदेश मंत्री का विभिन्न देशों का दौरा भारत की विदेश नीति और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में बड़ी पहल माना जा रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर लगातार पड़ोसी देशों का दौरा करते रहते हैं।*

### विदेश मंत्री 10-11 को जर्मनी जाएंगे

*जीसीसी भारत को प्रमुख व्यापारिक साझेदार है। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को लेकर जीसीसी सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ चर्चा की जाएगी। रियाद के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर 10-11 सितंबर को जर्मनी जाएंगे। अपनी पहली बर्लिन यात्रा में विदेश मंत्री जर्मन संघीय विदेश मंत्री, जर्मन सरकार के नेतृत्व और अन्य मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। जर्मनी और भारत के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी है। जर्मनी भारत के सबसे बड़े विदेशी निवेशकों में से एक है।*

### भारतीयों के विरोध के बाद झुका कनाडा, उठाए जरूरी कदम

**ओट्टावा।** कनाडा में निर्वासन के खतरे के बीच रह रहे सैकड़ों भारतीय युवकों के लिए राहत की खबर है। लंबे विरोध और राजनयिक हस्तक्षेप के बाद कनाडा ने इन भारतीयों का निर्वासन अस्थायी रूप से रोक दिया है। ये युवक पढ़ाई के लिए कई साल पहले कनाडा गए थे, लेकिन भारत में एक इमिग्रेशन एजेंट की ठगी के चलते हाल ही में ये सभी निर्वासन के केंद्र में आ गए। कनाडा सरकार ने फर्जी दस्तावेजों के कारण इनके खिलाफ निर्वासन की कार्यवाही शुरू की थी। ठगी का शिकार हुए छात्र कनाडा सरकार की डिप्रेशन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। फिलहाल, इस फैसले ने छात्रों को राहत पहुंचाई है।

# कांग्रेस, आप के बीच 5 सीटों पर बनी बात! आज गठबंधन का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच गठबंधन लगभग हो गया है। हालांकि, अभी इसका औपचारिक ऐलान नहीं हुआ है। शनिवार देर रात को कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के बीच बैठक हुई। दोनों पार्टियां आज 9 सितंबर को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गठबंधन का ऐलान कर सकती हैं।

कांग्रेस ने आप को 4+1 फॉर्मूला यानी 5 सीट का ऑफर दिया है। लोकसभा चुनाव में आप-कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने कुरुक्षेत्र सीट से चुनाव लड़ा था। इस सीट के अंतर्गत 11 विधानसभा आती हैं। गुप्ता यह चुनाव तो नहीं जीत पाए, लेकिन उन्होंने इस सीट के अंतर्गत आने वाली 4 सीट (गुहला चीका, पिहोवा, शाहाबाद और कलायत) पर जीत दर्ज की थी। कांग्रेस यह चारों सीट आप को दे सकती है।



### आप को अच्छी संख्या सीटें दी जा रहीं हैं

कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा है कि गठबंधन को लेकर ऐसा लग रहा है कि आम आदमी पार्टी ने कम सीटों पर समझौता कर लिया है। इस पर जल्द फैसला हो जाएगा। आप को अच्छी संख्या में सीटें दी जा रही हैं।

### नामांकन से पहले फैसला ले लेंगे

*हालांकि, राघव चड्ढा ने यह नहीं बताया कि कितनी सीटों पर बातचीत हो रही है। उन्होंने कहा, हम नामांकन के अंतिम दिन यानी 12 सितंबर से पहले फैसला ले लेंगे। अगर विन-विन सिचुएशन नहीं बनती है, तो हम अकेले चुनाव लड़ेंगे।*

### हम साथ चुनाव लड़ने की दिशा में काम कर रहे



राघव चड्ढा ने रविवार को कहा कि कांग्रेस और उनकी पार्टी दोनों ही अपनी व्यक्तिगत आकांक्षाओं को दरकिनार करके हरियाणा चुनाव के लिए गठबंधन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। गठबंधन पर बातचीत सकारात्मक माहौल में हो रही है। हमें जल्द अच्छे नतीजों की उम्मीद है। दोनों पार्टियां हरियाणा के लोगों की मांग को प्राथमिकता दे रही हैं। हम साथ चुनाव लड़ने की दिशा में काम कर रहे हैं। राघव चड्ढा ने कहा कि सीट बंटवारे पर 'बॉल टू बॉल' टिप्पणी नहीं की जा सकती। दोनों पार्टियां गठबंधन चाहती हैं और हम इसके लिए काम कर रहे हैं।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- रायपुर में, मार्केटिंग कार्य करने के लिए युवतियों की आवश्यकता है, सैलरी- 7000/- फिक्स+ कमीशन के साथ 15000/- से 20,000 तक महीना कमायें। संपर्क करें:- पता आमापारा चौक रायपुर 8962274079. (RO-6473)

**टेलीकॉलर**

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है 12th PASS टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट -02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4, सर्विस टेक्निशियन 2, OFFICE BOY 1 (अनुभव आवश्यक नहीं) संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461. (RO-2980)

**कुक**

आवश्यकता है- खाना बनाने हेतु अनुभवी मेल एंव फिमेल कुक चाहिए। रहने की सुविधा प्रदान की जाएगी। मों.- 9826136230.(RO-6474)

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- "होटल" जेलरोड, तेलीबांधा रायपुर हेतु सुपरवाइजर 4, सुरक्षा गार्ड 30, लेडी गार्ड 4, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास भोजन फ्री गार्ड हेतु, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019, 7747000016, 7746000019. (RO-2955)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- तेलीबांधा एरिया में, इलेक्ट्रीशियन व सिक्युरिटी गार्ड की आवश्यकता है। (5 वर्ष के अनुभवी ही संपर्क करें) मोबाइल नंबर:- 7880134141. (RO-2977)

**पैकिंग कार्य**

आवश्यकता है- आटो पार्टस की पेकिंग हेतु मेहनती लड़के / लड़कियों की आवश्यकता है। पता-186, मॉडल टाउन शिवाजी चौक के पास, नेहरू नगर भिलाई फोन - 8770483120, 8103772795, वेतन 7000/- (आरो न.-575)

**डिलीवरी ब्वाय**

आवश्यकता है- भिलाई के किराना होलसेल भंडार में डिलीवरी ब्वाय, शिक्षित, मेहनती, ईमानदार, चार युवक 10वीं पास चाहिए। वेतन- 9000-15000 + भत्ता + पेट्रोलिंग + आवास फ्री संपर्क करें:-डी.के.ट्रेडर्स मो.- 70000-87765 (आरो न.-576)

**सर्विस**

जय माँ कुरारी पायलिंग सेन्टर
तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.)
नोट- हमारे यहाँ 9, 10, 12, 14, 16, 18 एवं 20 इंच के पायलिंग उपलब्ध है।



पिलर के लिए संपर्क करें
7400715721
7400559569

हरिभूमि

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान / गोडाऊन में कार्य हेतु युवक की शीघ्र आवश्यकता है। योग्यता- पांचवीं पास वेतन- योग्यतानुसार संपर्क- रायपुर कृषि केंद्र, 124, एस.के. प्लाजा,बाम्बे मार्केट रायपुर (RO-1622)

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक चिकित्सक के लिये सुनहरा अवसर BAMS DOCTOR, एवं पंचकर्म थेरेपिस्ट 12 वी पास पुरूष व महिला की आवश्यकता है। 7 दिन की ट्रेनिंग दिया जायगा। वेतन - Bams Doctor - 15000-18000, थेरेपिस्ट - 5000- 8000 माधवबाग क्लिनिक बोरसी दुर्ग संपर्क - 7000836094, 7587094019.(आरो.-SPD/812)

**पेट्रोल पंप कर्मी**

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु कर्मचारी एवं कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। 1. रिंग रोड नं 4 सरोरा, तेंदुआ के पास, बिलासपुर बाईपास रायपुर(RO-1754)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस सहित 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं सम्पर्क करें- 6265407472, 7224807472. (RO-35294)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**अन्य**

आवश्यकता है- (स्वयं का रोजगार) (अपना रोजगार) आयुर्वेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़कें- लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- +91 62673 24667. (RO-1330)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 9102935834. (RO-2975)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 9350674841, 9350674841. (RO-2967)

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है- प्लॉट ही प्लॉट गैलेक्सी हाइट्स के आगे बोरसी दुर्ग में आवासीय प्लाट मात्र 850रूपए फिट में बैंक फाइनेंस सुविधा उपलब्ध जल्द कीजिए सीमित प्लांट 9770047215, 6260058087.(आरो नं-280)

प्लॉट बेचना है- त्योहारी ऑफर प्लॉट ही प्लांट चंदखुरी से हनोदा मार्ग लगा हुआ आवासीय प्लांट 600 रूपए फिट में बैंक फाइनेंस सुविधा उपलब्ध रजिस्ट्री, डायवर्सन, प्रमाणीकरण फ्री - 9770047215, 6260058087.(आरो नं-280)

**मकान**

मकान बेचना है- दुर्ग साईनगर चिखली धमधा रोड नवनिर्मित स्वतंत्र नया मकान बेचना है, फालसिलिंग पर्सनल बोर किया हुआ फाइनस सुविधा उपलब्ध है। सम्पर्क करें:- 9691631036, 9111008008 (आरो न.-574)

**For Rent किराया**

फ्लैट किराये से देना है- लाभांडी स्थित 2BHK 2nd फ्लोर सेमीमाड्यूलर किचन मास्टर बेड रूम में AC, खुद की पार्किंग संपर्क करें- 9753272777 (RO-6475)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

गुप्त रोगो का सफल ईलाज पैसा ठीक होने के बाद



❖ गुप्त रोग, नामर्दी
❖ लिंग में छोटापन।
❖ शीघ्र पतन
❖ पेशाब से धातू जाना।
❖ लिंग में ढीलापन,
❖ शुक्राणु की कमी।
❖ शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
❖ जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
❖ चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें 9753901137
पारख कॉम्प्लेक्स, शॉप नं.-16, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी...
CLASSIFIED RATE CARD
15 जुल 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.:0771-4242242, Mob.:09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

# भारत से हसीना को प्रत्यर्पित कराने आवश्यक कदम उठाएगा बांग्लादेश

एजेंसी ▶▶ ढाका



■ तख्तापलट के बाद अपदस्थ प्रधानमंत्री रह रही हैं भारत में

बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के नव नियुक्त मुख्य अभियोजक ने रविवार को कहा कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत से प्रत्यर्पित कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि हाल में छात्र आंदोलन के दौरान हुई सामूहिक हत्याओं के आरोपों को लेकर उन पर मुकदमा चलाया जा सके।

सरकार विरोधी अभूतपूर्व प्रदर्शनों के पांच अगस्त को चरम पर पहुंचने के बाद, हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा और वह देश छोड़कर भारत चली गईं। पूर्व प्रधानमंत्री हसीना को भारत के साथ प्रत्यर्पण संधि के तहत वापस लाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि जुलाई और अगस्त में छात्र नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों के दौरान सामूहिक हत्याओं के आरोपों को लेकर उन पर मुकदमा चलाया जा सके। उन्होंने ढाका में न्यायाधिकरण परिसर में प्रेस वार्ता में कहा, ''जब अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण अपना काम फिर से शुरू करेगा तो हम सामूहिक हत्या और मानवता के खिलाफ अपराध के मामलों में शेख हसीना सहित सभी फरार आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के लिए उसके समक्ष अर्जी दायर करेंगे।

# पलक झपकते ही दुश्मन का करती है खात्मा



*ब्रह्मोस II भारत और रूस का बनाया संयुक्त हथियार है। यह एक हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। यह मैक 7-8 के बीच की स्पीड पा सकता है। इसकी अनुमानित सीमा 600 किमी है।*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

■ अब दुनिया की खतरनाक मिसाइलों में भारत का नाम भी शामिल

दुनिया में आज के समय युद्ध करने के तरीके बदल गए हैं। मिसाइलों ने युद्ध में क्रांति ला दी है। क्योंकि यह कुछ ही मिनट में हजारों किमी की दूरी तय कर सकते हैं। साथ ही दूर से बैठ कर अपने टार्गेट को सटीक निशाना लगा सकते हैं। ये खतरनाक मिसाइलें पलक झपकते ही दुश्मन का करती है खात्मा।




ह्वासोंग-15 उत्तर कोरिया की सबसे शक्तिशाली अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल है। यह 13000 किमी की रेंज तक टार्गेट कर सकता है। इसकी स्पीड 22 मैक है। उत्तर कोरिया से यह अमेरिका तक मारने की क्षमता रखता है।

# रणधीर सिंह ओसीए अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बन गए। उन्हें रविवार को यहां इस महाद्वीपीय संस्था की 44वीं आम सभा के दौरान यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई।

■ रणधीर पांच बार के ओलंपिक निशानेबाज रहे है

पांच बार के ओलंपिक निशानेबाज रणधीर ओसीए अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र योग्य उम्मीदवार थे। उनका कार्यकाल 2024 से 2028 तक रहेगा। उनका चयन सर्वसम्मति से किया गया। यह 77 वर्षीय कुशल प्रशासक 2021 से ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष थे।

### सिंह लंबे समय तक आईओसी जुड़े रहे

इसके बाद वह मानद सदस्य के रूप में आईओसी से जुड़े रहे। रणधीर ने अध्यक्ष चुने जाने के बाद कहा,'' मेरी पूरी टीम को बधाई। मैं आप सभी का तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूं। एशिया एक परिवार है। समर्थन के लिए आप सभी को धन्यवाद। हम लंबे समय तक इसे जारी रखने की कोशिश करेंगे।

### महाद्वीपीय संस्था की 44वीं आम सभा में यह जिम्मेदारी सौंपी गई

### सिंह को 45 में से 44 वोट मिले

रणधीर को 45 में से 44 वोट मिले, जबकि एक सदस्य ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे भी उपस्थित थे। महासभा में एशिया के कुल 45 देशों ने भाग लिया।



### पिता प्रथम श्रेणी के क्रिकेटर रहे

रणधीर पंजाब के पटियाला के रहने वाले हैं और उनका परिवार शुरू से खेलों से जुड़ा रहा है। उनके चाचा महाराजा यादवेंद्र सिंह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलते थे और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सदस्य थे। उनके पिता भलिंदर सिंह भी प्रथम श्रेणी क्रिकेटर थे। वह 1947 और 1992 के बीच आईओसी सदस्य रहे थे। रणधीर भी 2001 से 2014 तक आईओसी के सदस्य रहे थे।

### कुवैत के शेख सबा की जगह लेंगे

सिंह ने कुवैत के शेख अहमद अल-फहद अल-सबा की जगह ली है, जिन पर नैतिकता के उल्लंघन के कारण इस साल मई में खेल प्रशासन से 15 साल का प्रतिबंध लगा दिया गया था। भारतीय और एशियाई खेल संस्थाओं में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर रहे रणधीर को खेल मंत्री मनसुख मांडविया और एशिया के सभी 45 देशों के शीर्ष खेल प्रशासकों की उपस्थिति में आधिकारिक तौर पर ओसीए अध्यक्ष चुना गया।

### सभी के प्रति कृतज्ञता जताई

*सिंह ने कहा, 'टीम में शामिल होने वाली सभी महिलाओं को विशेष बधाई। मैं ओलंपिक के प्रति आपके समर्पण के लिए आप सभी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं।'' रणधीर ने कहा, ''आइए हम सब मिलकर ऐसे भविष्य की दिशा में काम करें जहां उत्कृष्टता, दोस्ती और सम्मान के ओलंपिक मूल्यों का जश्न मनाया जाए।''*

### 50 फीसदी से अधिक बहुमत की जरूरत होती है

*ओसीए महासभा में अध्यक्ष, पांच क्षेत्र के पांच उपाध्यक्ष और कार्यकारी बोर्ड के पांच सदस्यों सभी को निर्विरोध चुना गया। मतदान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग से हुआ जिसमें चुने जाने के लिए 45 राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों में से 50 प्रतिशत से अधिक के साधारण बहुमत की आवश्यकता होती है।*

## खबर संक्षेप

### भारत 2030 युवा ओलंपिक की दावेदारी पेश करेगा

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि भारत 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक के लिए बोली लगाने के लिए तैयार है, जो 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। वर्ष 2030 में पांचवें युवा ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जाएगा।



मांडविया ने यहां एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) की 44वीं महासभा के अवसर पर कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने जा रहे हैं। लेकिन हमारा ध्यान 2036 ओलंपिक की मेजबानी पर है।''

### कनाडा ने अमेरिका को पहली बार उसकी धरती पर हराया



**कन्सास सिटी (अमेरिका)।** कनाडा ने अमेरिका की रक्षा पंक्ति की गलतियों का फायदा उठाकर यहां मैत्री फुटबॉल मैच में 2-1 से जीत दर्ज की। कनाडा की यह 1957 के बाद अमेरिका के खिलाफ उसकी धरती पर पहली जीत है। उसने पिछले 99 वर्ष और 27 मैच में अमेरिका के खिलाफ उसकी धरती पर केवल दूसरी जीत हासिल की। कनाडा की तरफ से जैकब शेफ़ेलबर्ग और जोनाथन डेविड ने पहले हाफ में गोल किए। अमेरिका की तरफ से एकमात्र गोल लुका डे ला टोरे ने 66वें मिनट में एडन मॉरिस के पास पर किया जो अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनका पहला गोल भी है। इससे पहले कनाडा ने छह जुलाई 1957 को विश्व कप क्वालीफायर के सेंट लुई में खेले गए मैच में अमेरिका को 3-2 से हराया था। कनाडा की टीम इससे पहले अमेरिका को पिछले 23 मैच में नहीं हरा पाई थी।

# सबालेंका यूएस ओपन की नई क्वीन पेगुला को हराकर जीता खिताब

### महिला एकल में अमेरिका की जेसिका को 7-5, 7-5 से हराया


एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

आर्यना सबालेंका ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को सीधे सेटों में हरा कर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका ने आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त पेगुला को 7-5, 7-5 से हराकर अमेरिकी ओपन में पहला और कुल मिलाकर तीसरा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीता।

सबालेंका पिछले साल यहां फाइनल में हार गई थी जबकि इससे पहले वह दो बार सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थी। बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने पहले सेट के आखिरी दो गेम और मैच के आखिरी चार गेम जीतने के बाद कहा,''पिछले साल मैंने यहां कड़ा सबक सीखा था। फाइनल के मुश्किल पलों में मैं मजबूत बने रहने की कोशिश कर रही थी। मैं खुद को यह याद दिलाने की कोशिश कर रही थी कि मैंने बहुत कुछ झेल लिया है और मैं इस दबाव को झेलने के लिए काफी मजबूत हूं।''

### कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा सबालेंका को

सबालेंका ने उन चुनौतियों का जिक्र भी किया जिनका सामना उन्हें पिछले कुछ वर्षों में करना पड़ा था। उनके पिता का 2019 में निधन हो गया था जबकि इस साल मार्च में उनके एक पूर्व प्रेमी की मृत्यु हो गई थी। दाहिने कंधे की समस्या के कारण उन्हें इस जुलाई में विंबलडन से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा, ''अपने पिता को खोने के बाद टेनिस के इतिहास में अपने परिवार का नाम दर्ज कराना हमेशा मेरा लक्ष्य रहा।''



### मैंने अच्छी वापसी की : पेगुला

पेगुला ने कहा,''उसने महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया। मुझे खुशी है कि मैंने अच्छी वापसी करके खुद को मौका दिया था लेकिन आखिर में यह पर्याप्त साबित नहीं हुआ।''

### सबालेंका पिछले साल फाइनल में कोको से हार गई थी

सबालेंका ने कहा,''जब भी मैं ट्रॉफी पर अपना नाम देखती हूं तो मुझे खुद पर बहुत गर्व होता है। मुझे अपने परिवार पर गर्व होता है जिन्होंने मुझे आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया था।'' सबालेंका पिछले साल फाइनल में कोको गॉफ से हार गई थी। तब उन्हें दर्शकों का समर्थन नहीं मिला था। गॉफ की तरह पेगुला भी अमेरिकी खिलाड़ी है, लेकिन दर्शक इस बार सबालेंका के प्रति कहीं अधिक उदार थे।

### पेगुला पहली बार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रही थी

पेगुला पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रही थी। वह शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई तथा सबालेंका लगातार पांच गेम जीतकर पहला सेट जीतने के साथ ही दूसरे सेट में 3-0 की बढ़त बनाई। अमेरिकी खिलाड़ी ने इसके बाद वापसी की अच्छी कोशिश की लेकिन वह सबालेंका को चैंपियन बनने से नहीं रोक पाई।

### दलीप ट्रॉफी

# तेज गेंदबाज चमके भारत बी 76 रन से जीता

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

केएल राहुल की संयम से खेली गई अर्धशतकीय पारी से उनके साथी कोई प्रेरणा नहीं ले सके जिससे यश दयाल की अगुआई में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत बी ने रविवार को यहां दलीप ट्रॉफी मैच के चौथे और अंतिम दिन भारत ए को 76 रन से हरा दिया।

■ केएल राहुल ने खेली संयमित पारी, साथी नहीं ले पाए कोई प्रेरणा

भारत ए की टीम 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 198 रन पर सिमट गई जिसमें भारत बी के लिए बायें हाथ के तेज गेंदबाज दयाल ने 50 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि मुकेश कुमार (50 रन देकर दो विकेट) और नवदीप सैनी (41 रन देकर दो विकेट) ने उनका अच्छा साथ निभाया। राहुल भारत ए के लिए 51 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। दिन के पहले सत्र में भारत बी दूसरी पारी में 184 रन पर सिमट गई जिससे उसकी



कुल बढ़त 274 रन की हो गई। भारत ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही जिसमें मयंक अग्रवाल (03 रन) दूसरे ही ओवर में आउट हो गये। रियान पराग (31 रन) क्रीज पर उतरे और उन्होंने शुभमन गिल (21 रन) के साथ 48 रन की साझेदारी निभाई। गिल के आउट होने के बाद ध्रुव जुरेल (शून्य) भी बिना कोई योगदान दिये आउट हो गये। लंच तक उनका स्कोर चार विकेट पर 76 रन था जो शिवम दुबे और तनुष कोटियान के आउट होने के बाद जल्द ही छह विकेट पर 99 रन हो गया।

# एशियाई हॉकी चैंपियन ट्रॉफी में भारत ने चीन को 3-0 से हराया

एजेंसी ▶▶ हुलुनबुइर (चीन)

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में मेजबान चीन पर 3-0 की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। भारत के लिए सुखजीत सिंह (14वें मिनट), उत्तम सिंह (27वें मिनट) और अभिषेक (32वें मिनट) ने गोल किए जबकि चीन एक भी गोल नहीं कर सका।

■ भारत ने शुरुआत से मिले मौकों को भुनाया

ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक हासिल करने के बाद टूर्नामेंट में खेलने उतरी भारत ने शुरुआत में मिले मौकों को भुनाया और डिफेंस में भी मजबूत प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। सुखजीत ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में भारत को बढ़त दिलाई जबकि दूसरे क्वार्टर की समाप्ति से ठीक तीन मिनट पहले उत्तम सिंह ने बढ़त दोगुनी कर दी जिससे भारत पहले हाफ तक 2-0 से आगे हो गया। खेल फिर से शुरू होने के ठीक दो मिनट बाद अभिषेक ने शानदार रिवर्स हिट से गोल किया। भारत पूल एक में अपने दूसरे मैच में सोमवार को जापान से भिड़ेगा।



### भारत चार बार की खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम

*पिछले साल भारत ने घरेलू मैदान पर यह टूर्नामेंट जीता था जिससे वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में चार खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम बन गई थी। अन्य मैचों में मलेशिया ने पाकिस्तान को 2-2 से बराबरी पर रोका जबकि जापान और कोरिया ने 5-5 से ड्रा खेला।*

### कई मौकों पर दमदार प्रदर्शन करने वाले अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया विदा

# कोहली को परेशान करने वाले इंग्लैंड के आलराउंडर मोईन का संन्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउंडर मोईन अली ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। वे कई मौकों पर दमदार प्रदर्शन कर चुके हैं।

■ मोईन ने कोहली को दस बार आउट किया, आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स से रहा कनेक्शन

मोईन का भारत के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड रहा है। वे विराट कोहली को ऑन ग्राउंड काफी परेशान कर चुके हैं। मोईन ने कोहली को 10 बार आउट किया है। लेकिन अब उन्होंने करियर का अहम फैसला ले लिया है। मोईन का कहना है कि इंग्लैंड क्रिकेट टीम को आगे बढ़ने की जरूरत है। मोईन का चेन्नई सुपर किंग्स से खास कनेक्शन रहा है। वे टीम के लिए आईपीएल में कई बार दमदार प्रदर्शन कर चुके हैं।



### 2014 में किया था डेब्यू

मोईन अली ने इंग्लैंड के लिए 2014 में डेब्यू किया था। वे अब तक 138 वनडे और 68 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। वहीं 92 टी20 मैच भी खेले हैं। मोईन ने हाल ही में मेल स्पोर्ट को इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड के लिए खेलना मेरे जीवन का सबसे बेहतरीन वक्त रहा। मैं खुद को कुछ दिन और रोक सकता हूं और टीम के लिए खेल सकता हूं। लेकिन मुझे सच पता है। ऐसा नहीं है कि मैं अब खेल नहीं सकता हूं। लेकिन मैं जानता हूं कि अब इंग्लैंड क्रिकेट टीम को आगे बढ़ने की जरूरत है।'

### इंग्लैंड के लिए ऐसा रहा मोईन का करियर

मोईन का इंटरनेशनल करियर शानदार रहा है। वे 138 वनडे मैचों में 2355 रन बना चुके हैं। उन्होंने 3 शतक और 6 अर्धशतक लगाए हैं। मोईन ने इस फॉर्मेट में 111 विकेट भी झटके हैं। वे 68 टेस्ट मैचों में 3094 रन बना चुके हैं। उन्होंने 5 शतक और 15 अर्धशतक लगाए हैं। वे टेस्ट में 204 विकेट ले चुके हैं। मोईन ने 92 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 1229 रन बनाए हैं। इसके साथ ही 51 विकेट भी लिए हैं। मोईन ने विराट को काफी परेशान किया है। वे विराट कोहली को अब तक 10 बार आउट कर चुके हैं। मोईन ने उन्हें सबसे अधिक टेस्ट में 6 बार आउट किया है। अगर टेस्ट क्रिकेट के रिकॉर्ड पर नजर डालें तो मोईन ने उनके खिलाफ 393 गेंदें फेंकी हैं। इस दौरान 196 रन दिए हैं।




कान्हा की नगरी मथुरा में हर वर्ष की तरह इस साल भी गणेश जी की भव्य स्थापना की गई। यहां गणेश जी को भगवान कृष्ण के भाई के रूप में विराजमान किया जाता है, जो एक प्राचीन परंपरा है। सैकड़ों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को एक ही परिवार द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसमें गणेश जी और लड्डू गोपाल दोनों को एक साथ विराजमान किया जाता है।

# कृष्ण के भाई के रूप में विराजमान होते हैं मथुरा में गणेशजी

एजेंसी ⏭ मथुरा

इस उत्सव को स्थानीय लोग बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। मथुरा में गणेश उत्सव की खास बात यह है कि यहां भगवान गणेश को भगवान श्रीकृष्ण के साथ विराजमान किया जाता है। इस परंपरा को निभाने वाले परिवार की तीसरी पीढ़ी की सदस्य वृंदा शर्मा ने बताया कि यह आयोजन उनके दादा और पिताजी से होते हुए अब तक जारी है। यह परंपरा लगभग 100 साल पुरानी है। हर साल भगवान गणेश को विशेष पूजा और अभिषेक के साथ विराजमान किया जाता है। इस दौरान गणेश जी को विभिन्न प्रकार के भोग, विशेष रूप से छप्पन भोग, अर्पित किए जाते हैं।



### गणेश जी का 11 दिन का आयोजन

गणेश जी और लड्डू गोपाल 11 दिन तक एक साथ पंडाल में विराजमान रहते हैं। इस दौरान दोनों देवताओं को अलग-अलग भोग लगाए जाते हैं और विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। यह आयोजन गोविंद नगर के एफ सेक्टर स्थित आनंदमय आश्रम में किया जाता है, जहां हर साल बड़ी संख्या में लोग भक्ति और श्रद्धा के साथ शामिल होते हैं। गणेश जी को भगवान कृष्ण के भाई के रूप में विराजित करना इस उत्सव की सबसे अनूठी विशेषता है, जो मथुरा की आध्यात्मिक धरोहर को दर्शाती है।



नेविगेशन एप

# पार्किंग में भूल जाएं कार या सर्च करना हो चार्जिंग स्टेशन, सब चलेगा पता

## हर किसी को जानना चाहिए गूगल मैप्स के ये फीचर्स

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गूगल मैप्स दुनियाभर में सबसे पॉप्युलर नेविगेशन ऐप है। बात चाहें कहीं आने-जाने की हो या फिर कोई रेस्तरां, कैफे को सर्च करने की, गूगल मैप्स हमेशा मदद को तैयार रहता है। पिछले कुछ सालों में दिग्गज टेक कंपनी गूगल ने अपने नेविगेशन ऐप्स में कई नए फीचर्स एड किए हैं ताकि यूजर्स को आसानी हो सके। पार्क किए गए व्हीकल की लोकेशन हो या फिर किसी बिल्डिंग का एंट्रेस ढूंढना हो- गूगल मैप्स में कई ऐसे फीचर्स हैं जो बेहद काम के हैं। आज हम आपको बता रहे हैं गूगल मैप्स के बेहद काम आने वाले उन7 फीचर्स के बारे में जो हर किसी को जानना चाहिए

### अनलॉक किए बिना फोन पर डायरेक्शन

कुछ महीनों पहले गूगल ने ग्लांसेबल डायरेक्शन नाम का एक नया फीचर लॉन्च किया था। इस फीचर के जरिए यूजर्स अपने फोन को अनलॉक किए बिना ही डायरेक्शन देख सकते हैं। इस फीचर के जरिए Start बटन को प्रेस किए बिना ही आपको अपने रूट का पूरा ओवरव्यू मिल जाता है। इस फीचर को इनेबल करने के लिए सबसे पहले अपने फोन में गूगल मैप्स खोलें और फिर स्क्रीन पर सबसे ऊपर दांये कोने में दिख रहे प्रोफाइल पिक्चर आइकन पर टैप करें। इसके बाद, सेटिंग ऑप्शन को सिलेक्ट करें और फिर स्क्रॉल डाउन करके 'नेविगेशन सैटिंग्स' पर टैप करें। अब आपके सामने दिख रही स्क्रीन पर मौजूद 'ग्लांसेबल डायरेक्शन' ऑप्शन का टॉगल ऑन करें।

### बिल्डिंग एंट्रेस का पता करना

क्या आपको कभी किसी बिल्डिंग का एंट्रेस ढूंढने में परेशानी हुई है? गूगल मैप्स इसमें आपकी मदद कर सकता है। टेक दिग्गज ने हाल ही में एक नया फीचर जारी किया था जिससे यूजर जब किसी बिल्डिंग के पास पहुंचता है तो यह ऑटोमैटिकली एंट्रेस को हाईलाइट करके बताता है और आसपास के पार्किंग स्लॉट की जानकारी भी देता है। अगर आप किसी लोकेशन या बड़ी बिल्डिंग में रात में जा रहे हैं तो यह फीचर आपके बेहद काम आएगा।



### पसंद की जगहों को ढूंढने के लिए गूगल लेंस का यूज करें

क्या आपको पता है कि मैप्स में अपनी पसंद की जगहें खोजने के लिए आप गूगल **Lens** का इस्तेमाल कर सकते हैं? इस फीचर के जरिए आप अपने कैमरा के जरिए आसपास मौजूद रेस्तरां, कैफे, खुलने का समय, रेटिंग, रिव्यू और उस जगह की फोटो से जुड़ी जानकारी ले सकते हैं। इस फीचर का इस्तेमाल करने के लिए **Lens** बटन पर टैप करें। यह बटन आपको सर्च बार के दांयी तरफ मिलेगा और किसी जगह के बारे में ज्यादा जानकारी लेने के लिए उस जगह पर पॉइन्ट करें।

### इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन खोजना

पिछले महीने गूगल मैप्स में एक नया फीचर आया था जिसके जरिए आप आसानी से अपने आसपास के ईवी चार्जिंग स्टेशन खोज सकते हैं। इसके लिए आपको उस चार्जर टाइप को सेट करना होगा जिसे आप अपने वाहन को चार्ज करने के लिए इस्तेमाल करते हैं और फिर पास के चार्जिंग स्टेशन का पता करने के लिए 'इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन नियम मी' लिखकर सर्च करना होगा। चार्जर कौन सा है, यह सेट करने के लिए गूगल मैप्स सेटिंग्स में जाएं और फिर 'इलेक्ट्रिक व्हीकल सैटिंग्स' पर टैप करें और अलग-अलग तरह के प्लग सिलेक्ट करने के लिए एड प्लस ऑप्शन पर क्लिक करें।

### अपने ट्रैवल प्लान के लिए ईटीस चेक करें

किसी लोकेशन पर जाने के लिए रियल-टाइम ट्रैवल चेक करने के अलावा गूगल मैप्स इस बात में भी आपकी मदद कर सकता है कि किसी जगह पर पहुंचने में कितना समय लगेगा। इस फीचर को इस्तेमाल करने के लिए अपना स्टार्टिंग पॉइन्ट और डेस्टिनेशन सेट करें और इसके बाद दांयी तरफ दिए तीन डॉट मेनन्यू पर टैप करें। इसके बाद आपको 'सेट डिपार्ट ऑर एलाइवल टाइम' ऑप्शन मिलेगा। अब जिस समय आप जाना या पहुंचना चाहते हैं, वो समय चुनें और इसके बाद गूगल मैप्स आपको बता देगा कि आपको वहां पहुंचने में कितना वक्त लगेगा।

### अपनी पुरानी ट्रिप देखने के लिए टाइमलाइन का इस्तेमाल करें

क्या आप भी कभी-कभी सोचते हैं कि पिछली बार किसी एक दिन या समय आप कहां थे? गूगल मैप्स का टाइमलाइन फीचर आपकी पुरानी लोकेशन और ट्रैवल हिस्ट्री की जानकारी रखता है। यानी जिस दिन से आपने ऐप यूज करना शुरू किया, उस दिन से हिस्ट्री भी सेव होती रहती है। इस फीचर का इस्तेमाल करने के लिए गूगल मैप्स में सबसे ऊपर दांये कोने में दी गई प्रोफाइल पिक्चर पर टैप करें और फिर अपनी ट्रैवल हिस्ट्री देखने के लिए 'यूअर टाइमलाइन' सिलेक्ट करें। ध्यान रहे कि कई बार हो सकता है कि यह डेटा एकदम सटीक और सही ना मिले।

# हैंडराइटिंग ऐसी, मानो टाइप किए गए हैं अक्षर!

अच्छी हैंडराइटिंग तो आपने बहुत देखी होंगी लेकिन शायद ही इससे बेहतर कहीं देखी हो. आलम ये है कि बार-बार ये हस्ताक्षर और लिखावट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। नेटिज़ेंस ने टिप्पणी की है कि इसे देखकर ऐसा लग रहा है मानो कंप्यूटर पर टाइप किया गया हो। शिक्षा जीवन को खूबसूरत बनाने का एक साधन है। इसके माध्यम से विद्यार्थी जीवन में कुछ अच्छा करते हैं। ये भी सच है कि लिखावट शिक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। अच्छी लिखावट छात्रों को जीवन में आगे बढ़ाती है। शिक्षक भी छात्रों की अच्छी लिखावट की सराहना करते हैं। सोशल मीडिया पर ऐसी ही एक नेपाली स्कूली छात्रा की लिखावट को दुनिया की सबसे खूबसूरत लिखावट माना गया है।



प्रकृति मल्ला नाम की छात्रा अपनी खूबसूरत लिखावट को लेकर एक बार फिर चर्चा में है। अब प्रकृति 16 साल की हो गई है।







# इस महिला ने एक साल पहले खुद से ही की शादी, अब तलाक भी ले लिया

**लंदन।** पश्चिमी संस्कृति में खुले विचारों के चक्कर में कई बार अजीब मामले सामने आ जाते हैं। एक महिला ने पिछले साल खुद से ही शादी कर ली थी जिसे लेकर लोग हैरान रह गए। अब खबर आई है कि उसने तलाक ले लिया है। जी हां, इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और मॉडल का नाम सुलेन कैरी है। 36 साल की इस महिला के इंस्टाग्राम पर 4 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं।



उन्होंने विचित्र से उत्सव (सोलोगैमी) का जश्न मनाते हुए इंटरनेट यूजर्स का ध्यान खींचा।

### खुद के प्रति कमिटमेंट्स में भी चुनौतियां

सुलेन कैरी ने बताया, 'किसी चक्र को कब समाप्त करना है, इसे समझना बहुत आवश्यक है। खुद के प्रति कमिटमेंट्स में भी चुनौतियां आती हैं। आपको हर समय खुद के लिए सही होने की अपेक्षा रहती है। सोलोगैमी के दौरान मैंने यह महसूस किया कि मैं खुद पर बहुत दबाव डाल रही थी। ऐसा करने से काफी थकान हो जाती है।' उन्होंने कहा कि खुद के साथ विवाह में भी अपनी खामियों को स्वीकार करना चाहिए। खुद के प्रति ईमानदार रहना जरूरी है।




# मेडिकल स्टोर से खरीदी दवाई असली है या नकली ऐसे करें पता



**नई दिल्ली।** जिंदगी में जो सबसे अनप्रिडिक्टेबल चीज होती है वह इंसान की सेहत होती है। कब अच्छे खासे इंसान को कौन सी बीमारी लग जाए, क्या हो जाए कुछ नहीं कहा जा सकता. बीमार होने पर लोग डॉक्टर के पास जाते हैं। डॉक्टर लोगों को दवाइयां देते हैं। डॉक्टर जो दवाई प्रिसक्राइब्ड करते हैं। मरीज उन दवाओं को मेडिकल स्टोर से खरीदते हैं। लेकिन कई बार दवा खाने के बाद भी लोगों की सेहत पर कुछ असर नहीं पड़ता और सेहत ठीक होने के बजाय बिगड़ने लगती है। इसलिए होता है क्योंकि आप जो दवाइयां मेडिकल स्टोर से खरीदते हैं वह असली नहीं नकली होती है। मेडिकल स्टोर से दवाई खरीदने वक्त कैसे पता कर सकते हैं दवाई असली है या नकली चलिए आपको बताते हैं।

### पैकेजिंग से चल जाता है पता असली-नकली का

जब आप मेडिकल स्टोर पर दवाई खरीदने जा रहे हैं। तो दवा लेते वक्त यह जरूर देखने कि जो आप दवाई ले रहे हैं वह असली है या नहीं. उसके लिए आप दवाई की पैकेजिंग को देखकर पता लगा सकते हैं। नकली दवाइयां की पैकेजिंग आपको ठीक से नहीं मिलेगी। उसके साथ ही आपको उसमें जानकारी भी पूरी क्लियर लिखी नहीं मिलेगी। अगर ऐसा होता है तो समझ जाए कि आपके हाथ में जो दवा है वह नकली है। असली दवाओं की पैकेजिंग एकदम सही होती है। और उन पर पूरी जानकारी भी बड़े स्पष्ट तौर पर लिखी होती है। तो इसके साथ ही हर दवा पर एक खास तरह का यूनिक कोड भी प्रिंट होता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com